दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज




● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, गुरुवार 26 फरवरी 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 986

## संक्षिप्त खबरें ।

### सुप्रीम कोर्ट में यूजीसी नियमों पर बहसः CJI सूर्यकांत ने उठाए गंभीर सवाल

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में यूजीसी के नए नियमों को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अब यह स्थिति अत्यधिक हो रही है। CJI ने याचिकाकर्ता से पूछा कि इस याचिका में पहले की याचिकाओं से क्या नया है।

**याचिका को मीडिया पब्लिसिटी का हथियार बताया गयाः** CJI सूर्यकांत ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह याचिका केवल मीडिया में चर्चा उत्पन्न करने के लिए प्रस्तुत की गई प्रतीत होती है। उन्होंने सवाल किया, "यह जनहित याचिका क्यों है? क्या इसमें कुछ ऐसा है जो अन्य याचिकाओं में नहीं था? अन्यथा, यह यूट्यूब पर कैसे आएगी?" CJI की यह टिप्पणी दर्शाती है कि अदालत बार-बार एक ही मुद्दे पर याचिकाओं से परेशान है। वकील ने तर्क दिया कि नियम अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर बनाए गए हैं, लेकिन CJI ने इसे मीडिया का लालच करार दिया।

**जनवरी में नियमों पर लगी थी रोक :** यह कोई नई बात नहीं है। जनवरी 2026 में, सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026' पर रोक लगा दी थी। CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा था कि ये नियम प्रथम दृष्टया अस्पष्ट हैं। इनके व्यापक प्रभाव हो सकते हैं और समाज को खतरनाक तरीके से विभाजित कर सकते हैं। कोर्ट ने माना कि इनमें अस्पष्टताएं हैं और दुरुपयोग की संभावना स्पष्ट है।

**नियमों में विवाद का कारण :** ये नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता बढ़ाने और भेदभाव रोकने के लिए बनाए गए थे, लेकिन विरोधियों का कहना है कि इनमें जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा केवल SC, ST और OBC तक सीमित है। इससे सामान्य वर्ग के छात्रों को नुकसान हो सकता है। कई स्थानों पर छात्रों और संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किए। याचिकाओं में दावा किया गया कि ये नियम असंवैधानिक हैं और समानता के सिद्धांत का उल्लंघन करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पहले नियमों को रोककर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। अब नई याचिका पर CJI की टिप्पणी से यह स्पष्ट होता है कि अदालत बार-बार एक ही मुद्दे को दोहराने वाली याचिकाओं पर सख्त रुख अपना रही है।

# PM मोदी के इजराइल दौरे पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, प्रियंका गांधी बोलीं- उम्मीद है गाजा का जिक्र जरूर करेंगे

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार सुबह इजराइल दौरे के लिए निकल चुके हैं. अपने दो दिवसीय दौरे पर पीएम मोदी इजराइल की संसद 'नेसेट' को संबोधित करेंगे. पीएम के इस दौरे पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं. कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत एक आजाद देश के तौर पर अपने पूरे इतिहास में सही के लिए खड़ा रहा है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि हमें दुनिया को सच्चाई, शांति और न्याय की रोशनी दिखाते रहना चाहिए. कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी आने वाली इजरायल यात्रा पर नेसेट को संबोधित करते हुए गाजा में हजारों बेगुनाह पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के नरसंहार का ज़िक्र करेंगे और उनके लिए न्याय की मांग करेंगे. इससे पहले प्रियंका गांधी यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब पर कार्रवाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर किए गए अपने पोस्ट में कहा कि सत्य के लिए शांतिपूर्ण और अहिंसक प्रतिरोध भारत की गौरवशाली परंपरा रही है, जो महात्मा गांधी और स्वतंत्रता आंदोलन से विरासत में मिली है. उन्होंने आरोप लगाया कि वैश्विक दबाव के आगे झुककर सरकार ने देश के हितों से समझौता किया है और प्रधानमंत्री व सरकार के खिलाफ आवाज उठाना 1.4 अरब भारतीयों के हित में है. कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी लगातार मुखर होकर सरकार पर निशाना साध रही है।



### भारत रहा फिलिस्तीन के साथ-जयराम रमेश

वही कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी पीएम मोदी के दौरे पर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 20 मई 1960 को जवाहरलाल नेहरू गाजा में थे और वहां UN इमरजेंसी फोर्स में तैनात भारतीय टुकड़ी से मिले थे. 29 नवंबर 1981 को भारत ने फिलिस्तीन के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए एक स्मारक डाक टिकट जारी किया था. 18 नवंबर 1988 को भारत ने औपचारिक रूप से फिलिस्तीन राज्य को मान्यता दी थी।

### पीएम नैतिक कायरता का कर रहे प्रदर्शन

जयराम ने पोस्ट में आगे लिखा, वह एक अलग दौर था. अब भारत के प्रधानमंत्री खुले तौर पर इजरायल के प्रधानमंत्री के साथ अपनी घनिष्ठता दिखा रहे हैं–जिन्होंने गाजा को मलबे और धूल में बदल दिया है और कब्जे वाले वेस्ट बैंक में अवैध बस्तियों के विस्तार की पूरी साजिश रच रहे हैं. जब पूरी दुनिया उनके प्रिय मित्र प्रधानमंत्री नेतन्याहू की आलोचना कर रही है, तब पीएम मोदी नैतिक कायरता का प्रदर्शन करेंगे।

## पीएम मोदी तमिलनाडु में जितनी रैलियां करेंगे, एनडीए की हार उतनी ही बड़ी होगी', CM स्टालिन का बड़ा हमला

लोक तंत्र की आवाज़

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ चुनाव के समय वोट मांगने के लिए राज्य का दौरा करते हैं। जबकि स्टालिन के मुताबिक, उनकी पार्टी डीएमके जनता के भरोसे को पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित है।

**क्या बोले मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ?:** एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, आपने मुझे भरोसे के साथ अपना भविष्य सौंपा है। मैं निश्चित रूप से उस भरोसे पर खरा उतरूंगा। मैं अपनी ताकत से ज्यादा मेहनत कर रहा हूं। मैं न सिर्फ उन लोगों के लिए काम कर रहा हूं जिन्होंने मुझे वोट दिया, बल्कि उनके लिए भी जिन्होंने नहीं दिया।

उन्होंने कहा, चुनाव का मौसम है, इसलिए प्रधानमंत्री ने पहले ही तमिलनाडु बार-बार आना शुरू कर दिया है। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री के बार-बार तमिलनाडु आने से एनडीए गठबंधन के खिलाफ लोगों का गुस्सा और बढ़ेगा। उन्होंने एनडीए पर हमला बोलते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री जितनी बार यहां आएंगे, एनडीए उतनी ही बड़ी हार झेलेगा। उनके आने से लोगों को याद आता है कि केंद्र ने राज्य के लिए कुछ नहीं किया।



**भेदभाव का लगाया आरोप :** स्टालिन ने केंद्र सरकार पर भेदभाव का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि गुजरात को मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की मंजूरी मिली, लेकिन तमिलनाडु की मांगों को बजट और कैबिनेट मीटिंग में नजरअंदाज कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि यह चुनाव 'तमिलनाडु बनाम एनडीए' है। उन्होंने जोर दिया कि तमिलनाडु पर दिल्ली से नहीं, बल्कि चेन्नई के फोर्ट सेंट जॉर्ज से राज होना चाहिए।

भाजपा पर निशाना साधते हुए स्टालिन ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में विकास नहीं होता और वे तमिलनाडु को भी कमजोर करना चाहते हैं। उन्होंने कन्याकुमारी को एकता का प्रतीक बताया और कहा कि उनकी सरकार 'द्रविड़ियन मॉडल' के तहत सभी धर्मों को साथ लेकर चलती है। साथ ही उन्होंने मणिपुर की हिंसा और अन्य राज्यों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों का जिक्र करते हुए भाजपा की आलोचना की।

## समुदायों को बदनाम करना असंवैधानिक, 'घूसखोर पंडत' फैसले में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि किसी भी समुदाय को भाषण, मीम, कार्टून, फिल्म, विजुअल आर्ट या किसी भी माध्यम से बदनाम करना या नीचा दिखाना संविधान का उल्लंघन है. यह महत्वपूर्ण टिप्पणी नेटफ्लिक्स की फिल्म 'घूसखोर पंडत' विवाद से जुड़े निर्णय में सामने आई है, जिसका विस्तृत फैसला आज अपलोड हुआ।

यह टिप्पणी उस मामले से जुड़ी है जहां कोर्ट ने पांच दिन पहले फिल्म के निर्माताओं को उसका शीर्षक बदलने के लिए बाध्य किया था. जस्टिस उज्जल भुइयां ने जस्टिस बी.वी. नागरत्ना से अलग अपने सहमतिपूर्ण फैसले में संवैधानिक मूल्यों और





भाईचारे (Fraternity) के महत्व पर विस्तृत विचार रखा।

**किसी भी समुदाय को नीचा दिखाना संवैधानिक रूप से गलत :** जस्टिस भुइयां ने कहा, 'राज्य हो या गैर-राज्य पक्ष, किसी भी माध्यम से किसी समुदाय को बदनाम करना असंवैधानिक है. धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र या किसी पहचान के आधार पर एक समूह को निशाना बनाना संविधान के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है. विशेष रूप से वे सार्वजनिक पदाधिकारी, जिन्होंने संविधान की रक्षा की शपथ ली है, उन्हें ऐसी टिप्पणियों से सख्ती से बचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भले ही फिल्म निर्माताओं ने विवादित शीर्षक वापस ले लिया हो, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सामाजिक सौहार्द से जुड़े संवैधानिक मूल्यों को स्पष्ट करना जरूरी था, ताकि भविष्य में कोई भ्रम न रहे।

**हालिया विवादों के चलते कोर्ट की अहम टिप्पणी :** यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के भाषणों को लेकर देशभर में बहस चल रही थी. इससे पहले, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने सरमा के खिलाफ घृणा भाषण के आरोपों पर FIR दर्ज कराने की याचिका सुनने से इनकार करते हुए पक्षकारों को हाई कोर्ट जाने को कहा था। SC ने कहा कि 'भाइचारा' संविधान की प्रस्तावना का मूल उद्देश्य है. अनुच्छेद 51A(e) हर नागरिक को धार्मिक, भाषाई व क्षेत्रीय विविधताओं से ऊपर उठकर सामंजस्य व भाईचारा बढ़ाने का कर्तव्य देता है।

जस्टिस भुइयां ने लिखा, 'भाईचारा अपने सहनागरिकों के प्रति सम्मान और आदर रखे बिना संभव नहीं. जाति, धर्म या भाषा से परे यह भावना विकसित करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक धर्म है।

## मुझे पता है कैसे निपटना है', कपिल सिब्बल-अभिषेक मनुसिंघवी ने SC में कही ऐसी बात, CJI सूर्यकांत को आ गया गुस्सा

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने 8वीं क्लास की एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की किताब को लेकर गहरी नाराज़गी जताई है. इस किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़े अध्याय पर शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए साफ संकेत दिए हैं कि जल्द ही इस पर सुनवाई के लिए तारीख तय की जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि वे किसी को भी इस संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे. उन्होंने कहा, 'मुझे पता है इससे कैसे निपटना है. बार और बेंच, दोनों ही बेहद परेशान हैं. सभी हाईकोर्ट के जज भी चिंतित हैं.



मैं इस मामले को स्वतः संज्ञान में लूंगा. कानून अपना रास्ता तय करेगा.' सीजेआई सूर्यकांत ने यह भी कहा कि यह पूरी कार्रवाई एक सोची-समझी कोशिश प्रतीत होती है।

**क्या है पूरा विवाद?:** आठवीं क्लास के लिए NCERT की नई सामाजिक विज्ञान की किताब में 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' नामक अध्याय में पहली बार न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को एक अलग सेक्शन के रूप में शामिल किया गया है. इस हिस्से में न्यायिक व्यवस्था की चुनौतियों के तहत न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार और जजों की कमीजैसे बिंदुओं का जिक्र किया गया है.

**कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी ने कोर्ट का दिलाया ध्यानः** इस मुद्दे को सबसे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत के संज्ञान में लाया. उन्होंने कहा, 'NCERT कक्षा 8 के छात्रों को न्यायिक भ्रष्टाचार पढ़ा रहा है. यह बेहद गंभीर चिंता का विषय है। इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने भी आपत्ति जताते हुए कहा, 'माय लॉर्ड, यह चयनात्मकता क्यों? अन्य क्षेत्रों में भी समस्याएं हैं, लेकिन केवल न्यायिक भ्रष्टाचार को ही क्यों निशाना बनाया गया?'

## तमिलनाडु की सियासत में शशिकला की री-एंट्री, नई पार्टी बनाने का किया ऐलान

लोक तंत्र की आवाज़

**चेन्नई।** इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु की सियासत में हलचल देखी जा रही है. एआईएडीएमके से निष्कासित नेता और दिवंगत पार्टी सुप्रीमो जे. जयललिता की करीबी वीके शशिकला ने नई राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा की. उनके मैदान में उतरने से राज्य में चार-कोणीय मुकाबले की संभावना बढ़ गई है।

मंगलवार को शशिकला ने प्रस्तावित पार्टी का झंडा भी जारी किया, जिसमें द्रविड़ नेता अन्नादुरई, एआईएडीएमके संस्थापक एमजी रामचंद्रन (एमजीआर) और जयललिता की तस्वीरें हैं. झंडा ऊपर काला, बीच में सफेद और नीचे लाल रंग का क्षैतिज तिरंगा है।कमुथी में



जयललिता की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा, "मैं जल्द ही नई पार्टी के नाम की घोषणा करूंगी, इसमें कोई बदलाव नहीं है. यह पार्टी विरोधियों और विश्वासघातियों दोनों को हराने वाली होगी. हम एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं।

**मुझे निशाना बनाया गया– शशिकला :** पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम के बारे में उन्होंने कहा कि पलानीस्वामी के मुख्यमंत्री बनने के बाद 'धर्म युद्ध' छेड़ने के उनके फैसले ने अंततः उन्हें ही नुकसान पहुंचाया. 2016 में जयललिता के 72 दिन के अस्पताल में भर्ती रहने पर शशिकला ने कहा, "मैंने उन्हें घर लाने के लिए शुभ समय भी तय कर लिया था, लेकिन अचानक उन्हें दिल का दौरा जैसा दौरा पड़ा." उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए विरोधियों ने उन पर जयललिता की हत्या का झूठा आरोप लगाया।

शशिकला ने कहा कि वह बेंगलुरु जेल में रहीं और एआईएडीएमके के तत्कालीन मंत्रियों, जिनमें केए सेंगोट्टैयन (अब टीवीके में) शामिल हैं, की सलाह के बावजूद तमिलनाडु जेल में ट्रांसफर नहीं कराया. 2017 से 2021 के बीच वह आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद बेंगलुरु में कैद रहीं।

### पार्टी का झंडा किया जारी

उन्होंने कहा, "जहां तक मेरा सवाल है, मैंने स्पष्ट निर्णय ले लिया है. यह तमिलनाडु, उसके लोगों और हमारे कार्यकर्ताओं के हित में है. हम एक नए राजनीतिक मंच की शुरुआत करेंगे. यह एक द्रविड़ पार्टी होगी." उन्होंने कहा कि यह पार्टी आम आदमी, साधारण और गरीब लोगों के लिए होगी और द्रविड़ नेता सी.एन. अन्नादुरई, एमजीआर और 'अम्मा' जयललिता के मार्ग पर चलेगी। दिसंबर 2016 में जयललिता के निधन के बाद की घटनाओं का जिक्र करते हुए शशिकला ने एआईएडीएमके प्रमुख ए. के. पलानीस्वामी पर निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति को उन्होंने मुख्यमंत्री बनाया, उसी ने उन्हें "कागज के टुकड़े की तरह" पार्टी से बाहर कर दिया. उन्होंने कहा, "मैं अपना गुस्सा जाहिर नहीं करती, यह मैंने थलाइवर (एमजीआर) से सीखा है।

## SIR : सुप्रीम कोर्ट का फैसला जनता की जीत है - तृणमूल

लोक तंत्र की आवाज़

**कोलकाता।** बंगाल में एसआईआर में 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दीवानी न्यायाधीशों को नियुक्त करने और पड़ोसी राज्यों झारखंड तथा ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति दी। SIR को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का तृणमूल कांग्रेस ने स्वागत किया है। इस पर खुशी जतायी है।

तृणमूल ने कहा है कि इस फैसले से एक बार फिर बंगाल की जनता की जीत हुई है। तृणमूल ने इस दिन कहा कि सुप्रीम कोर्ट में बंगाल की मां-माटी-मानुष की एक और शानदार जीत हुई! माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार



फिर लोकतंत्र के साथ दृढ़ता से खड़े होकर चुनाव आयोग की अक्षमता और भाजपा द्वारा बंगाल की जनता को परेशान करने और मताधिकार से वंचित करने के निरंतर प्रयासों को उजागर किया है। आज का फैसला मतदान के संवैधानिक अधिकार की निर्णायक पुष्टि है और यह स्पष्ट संदेश है कि चुनावी प्रक्रियाओं में प्रशासनिक हस्तक्षेप या मनमाने मानकों के माध्यम से हेरफेर नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बंगाल के करोड़ों नागरिकों के मतदान अधिकारों की रक्षा के लिए फैसला दिया गया है। इस पर तृणमूल के कई वरिष्ठ नेताओं की प्रतिक्रियाएं आयी है। सांसद कल्याण बनर्जी, सागरिका घोष, मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, डॉ. शशि पांजा, शोभनदेव चट्टोपाध्याय सहित ने अपने बयान जारी किये हैं। विधानसभा में मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि काम समय पर पूरा किया जाए और मतदाता सूची 28 तारीख तक जमा कर दी जाए। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि 24 फरवरी को मां माटी मानुष की एक और जीत हुई है। यह सर्वोच्च अदालत के फैसले से ही हो पाया है। मंत्री ने आरोप लगाया कि वोट देने की प्रक्रिया को चुनाव आयोग 'अवैध' तरीके से परिचालना कर रहा था, सुप्रीम कोर्ट बार बार अपने ऑर्डर के माध्यम से उसमें रोक लगा दी है।

## अंदर से कैसा है अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का मठ? खुद शंकराचार्य ने खोला राज, कहा- वो एक महीना रुकी थीं...

लोक तंत्र की आवाज़

**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती आजकल सुर्खियों में छाए हुए हैं. जिस संत को अपने नेक काम की वजह से चर्चाओं में रहना चाहिए था, वो आज यौन शोषण और न जानें क्या क्या आरोपों की वजह से लाइमलाइट में हैं. उनके ऊपर श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष व शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने उनके मठ में स्विमिंग पूल के साथ लक्जरी सुविधा होने की बात कही. अब जब मीडिया की टीम ने इन सब आरोपों को लेकर शंकराचार्य से



बात की तो उन्होंने खुद ही सारे राज खोल दिए. उन्होंने लेखिका भूमिका द्विवेदी को लेकर भी बड़ा दावा किया।

आशुतोष ब्रह्मचारी लगातार कई आरोप लगा रहे हैं. उन्होंने विद्यामठ को लेकर भी सवाल खड़े किए. साथ ही दावा किया कि मठ में स्विमिंग पूल के साथ लक्जरी सुविधा भी मौजूद है. इन सब आरोपों पर अब शंकराचार्य ने बात की. उन्होंने कहा कि उनका (आशुतोष ब्रह्मचारी) काम है इस वक्त आरोप लगाने का. मठ की बात करें तो यह पूरी तरह से पवित्र मठ है।

**भूमिका द्विवेदी पर कही ये बात:** उन्होंने आगे कहा कि स्वर्गवासी शंकराचार्य के लिए उनके कामों के लिए एसी लगवाई गई थी और साथ ही उनके स्नान करने के लिए एक स्थान बनवाया गया था. इसके अलावा यहां कुछ नहीं है. वहीं लेखिका भूमिका द्विवेदी द्वारा परिवारवाद के आरोप पर भी सफाई दी. उन्होंने कहा कि मैं उन्हें जनता हूं. वो मेरी गुरु बहन हैं. यहां आईं थीं. एक महीना रुकी थीं. उन्हें कोई किताब लिखना था. एक महीने बाद जब उन्हें यहां से भेजा गया तो उन्हें बुरा लग गया. शंकराचार्य ने दावा किया कि एक ऑडियो भी है, जिसमें वो आशुतोष ब्रह्मचारी से बात कर रही हैं. कहीं न कहीं ये सारे आरोप लगाए जा रहे हैं।

**क्या है मामला?:** आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने 173(4) के तहत अर्जी दाखिल की थी, जिसमें एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई थी. आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान 13 फरवरी को अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे. कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट को भी संज्ञान में लिया और सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## 2027 में अकेले चुनाव लड़ेगी सपा, इंडिया गठबंधन बना रहेगा या नहीं, क्या बोले अखिलेश यादव?

लोक तंत्र की आवाज़

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाला है. ऐसे में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं. कोई नया गठबंधन बनाना चाहता है तो कोई अपने पुराने गठबंधन को बनाए रखना चाहता है. इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है. सपा प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से जो हमारा एलायंस है इंडिया गठबंधन वो हमारा रहेगा. पीडीए की जो रणनीति बनी थी, सामाजिक न्याय की जो बात हम लोगों



के सामने रखी. आने वाले समय में सभी लोग मिलकरके सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए हमारी मदद करेंगे।

**अखिलेश यादव बोले- बना रहेगा गठबंधन :** इसके अलावा अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए के सरकार होगी तो हम सामाजिक न्याय की स्थापना करने का हम संकल्प लेते हैं. एक एक पीडीए के लोगों को हम भरोसा दिलाते हैं उनका सम्मान और समाजिक न्याय दिलाने का काम हम करेंगे. हालांकि आपको बता दें कि अखिलेश यादव भले ही इंडिया गठबंधन को बनाए रखने की बात कर रहे हैं. लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेताओं के सुर बिलकुल अलग हैं.

**सीएम योगी कटोरी चम्मच लेकर गए होंगे:** उन्नाव पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि सीएम कह रहे थे उनके सरकार के पहले माफिया थे. वह भी माफिया थे, जिन्होंने केस वापस लिए. केस वापस लेने वाला कौन है. कौन उपद्रवी है. विदेश के खिलाफ थे, विदेश कैसे चले गए. चीफ मिनिस्टर प्लेट, कटोरी, चम्मच ले गए होंगे।

**विधानसभा चुनाव में अकेले लड़ने के लिए कांग्रेस तैयार?:** इसके अलावा कुछ महीनों पहले जब कांग्रेस आलाकमान की मुलाकात प्रदेश नेतृत्व से हुई थी, तब पार्टी ने स्पष्ट रूप से कहा था कि वह विधानसभा चुनाव में आने वाली हर परिस्थिति के लिए तैयार है. साथ ही सीटों को लेकर कांग्रेस पार्टी झुकेगी नहीं. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समय-समय पर गठबंधन को लेकर तरह-तरह के बयान देते रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवादा : आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु पहल जारी



सुनील कुमार
**नवादा ।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में दिनांक 14.03.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में वादों के निष्पादन हेतु प्रचार-प्रसार के संबंध में नवादा न्यायमंडल के वरीय अधिवक्तागण के साथ बैठक की गई, जिसके लिए व्यवहार न्यायालय, नवादा में 3950 वादों को चिन्हित किया गया है। 1992 पक्षकारों को नोटिस तामिला के लिए सर्व किया गया, जिसमें एमएसीटी वादों की सं० 96, मैट्रिमोनियल का 12, क्रिमिनल वाद 3433, जी०ओ० वादों में माइनिंग का 106, वन वाद 134, माप-तौल 82, श्रम वाद 23, धारा 138 एन.आई. एक्ट का 54, सिविल वाद का 10, टेलीफोन वाद का 251 तथा बैंक का 43999 मामला चिन्हित किया गया है।

### नरहट : संगठन सृजन अभियान में पार्टी की मजबूती पर हुई चर्चा



**नरहट ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आदेशनुसार संगठन सृजन अभियान का आयोजन नरहट एवं हिसुआ के कार्यकताओं का संयुक्त बैठक आदित्य नगर हिसुआ में आयोजित किया गया। अध्यक्षता कॉंग्रेस नरहट प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने किया। उपस्थित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन सृजन अभियान में भाग लेकर कांग्रेस पार्टी की मजबूती को लेकर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यकताओं को नवादा जिला प्रभारी जय शंकर पाठक, प्रदेश प्रभारी उमर खान, पूर्व विधायिका नीतू कुमारी ने विस्तार पूर्व सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश सिंह, नवीन पासवान, शैलेन्द्र कुमार, श्रीकांत सिंह, शिवालक यादव, जितेंद्र कुमार, पप्पू सिंह, सोनू रंजन, गोपाल कुमार, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### हरनौत : एक लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार



**हरनौत।** थाना पुलिस ने बस्ती रेलवे फाटक के श्रमिक जल गोविंद पथ पर कार्रवाई करते हुए 200 पुरिया ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जप्त नशीला पदार्थ 20 ग्राम है। जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्कर पटना जिला के अथमलगोला थाना क्षेत्र के बसनीमा गांव निवासी संतोष कुमार नट हैं। हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की बस्ती रोड में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस वाहन को देखकर तस्कर दौड़कर भागने लगा। इसके बाद सुरक्षा बालों ने खदेड़कर उन्हें पकड़ लिया। तस्कर के पास एक पॉली बैग था पॉलीबैग एवं उसकी पेंट की जेब में रखे 200 पुरिया ब्राउन शुगर बरामद हुआ। पूछताछ के आधार पर पुलिस तस्कर के सहयोगियों की तलाश में जुट गई है।

# ज्ञान गंगा स्वयंसिद्धा महिला विकास द्वारा नि:शुल्क आँख जाँच एवं मुफ्त चश्मा वितरण शिविर का आयोजन

लोक तंत्र की आवाज







सुनील कुमार
**नवादा।** डीबीएस एवं पीसीआई इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में ग्लासेस फॉर लाइवलीहुड प्रोजेक्ट के माध्यम से ज्ञान गंगा स्वयंसिद्धा महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड हिसुआ द्वारा कैथिर पंचायत के इंटर उच्च विद्यालय श्रीरामपुर में निःशुल्क आँख जाँच एवं चश्मा वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन पीसीआई इंडिया पटना से एजाज अहमद, कैथिर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि टुनटुन प्रसाद सिंह पूर्व मुखिया अरविंद माँझी, इंटर उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय के अनंत कुमार वशिष्ठ समिति अध्यक्ष सरस्वती देवी, सीईओ आनन्द प्रकाश एवं पीपुल्स एक्शन फॉर डेवलपमेंट के सचिव रामयतन प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में कुल 246 महिलाओं को आँख जाँच कर निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। पीसीआई के एजाज अहमद सर द्वारा लोगो को ये बताया गया की इस योजना के तहत वैसे सभी जरूरतमंद महिलाओं को जिसको नजदीक की वस्तु, सुई में धागा समाना एवं अन्य कार्य करने में दिक्कत होती है उन्हीं को जाँच कर चश्मा दिया जाना है। उनके द्वारा ये भी बताया गया कि बढ़ती उम्र के साथ नजदीक की वस्तु को दिखाई देने में दिक्कत हो तो उसे प्रेसबायोपिया की समस्या से जूझना पड़ता है, जिसको एक साधारण चश्मा लगाकर ठीक किया जा सकता है, एवं इसके द्वारा वो अपने आमदनी में भी बढ़ोतरी कर सकते है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा ये कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलायें अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा कर देती हैं, जिससे उनके कार्य क्षमता प्रभावित होती है, और ऐसे में ज्ञान गंगा महिला समिति द्वारा नियमित नेत्र जाँच एवं जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय कार्य है। वहीं समिति की अध्यक्ष सरस्वती देवी द्वारा ये बताया गया कि पीसीआई इंडिया के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं कार्यसक्षम बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम के द्वारा अपने प्रखंड के सभी पंचायतों के कुल 10,000 दस हजार वैसे जरूरतमंद महिलाओं को चश्मा ज्ञान गंगा फेडरेशन द्वारा मुफ्त में दिया जाएगा। शिविर में प्रशिक्षित महिलायें के द्वारा कुल 268 महिलाओं की आँख की जाँच की गई। जाँच के दौरान 246 महिलाओं में दृष्टि संबंधी समस्या पाई गई, जिन्हें उनकी आवश्यकतानुसार भिन्न- भिन्न पावर का चश्मा उपलब्ध कराया गया तथा जाँच के दौरान 22 वैसे महिलाओं को आँख के बेहतर ईलाज के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल में रेफर किया गया। शिविर को सफल बनाने के लिए मौके पर सीईओ आनन्द प्रकाश, अकाउंटेंट पवन कुमार, संजीवन माँझी प्रशिक्षक साधना कुमारी, नेहा कुमारी, नीलम देवी, चिंता देवी, पूजा कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं फेडरेशन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुई।

# पुलिस सप्ताह के अवसर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित



लोक तंत्र की आवाज

**पकरीबरावां (नवादा)।** बिहार पुलिस सप्ताह दिवस के अवसर पर 22 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में बुधवार को पकरीबरावां थाना के सौजन्य से खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रतियोगिता का उद्घाटन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार भास्कर, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, थानाध्यक्ष रंजन चौधरी एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान स्कूली बच्चों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें जीआईपी पब्लिक स्कूल एवं आवासीय ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुकाबला रोमांचक रहा। बालक वर्ग में जीआईपी पब्लिक स्कूल की टीम विजयी रही, जबकि बालिका वर्ग में भी जीआईपी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मार ली। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पकरीबरावां पुलिस की ओर से प्रशस्ति पत्र, मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस सप्ताह का उद्देश्य केवल पुलिस की उपलब्धियों को प्रदर्शित करना नहीं, बल्कि समाज और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना भी है। खेल प्रतियोगिताएं बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करती हैं। पुलिस चाहती है कि युवा सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अनीश कुमार वर्मा, सौरभ कुमार, वंदना कुमारी, राखी, नीतू, प्रतिमा सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# वारसी कॉलेज पाण्डेयगंगौट में वित्तरहित कर्मियों ने किया प्रदर्शन

लोक तंत्र की आवाज

**कौआकोल।** प्रखण्ड के वारसी कॉलेज पाण्डेयगंगौट सहित सभी मान्यता प्राप्त अनुदानित कॉलेजों में बुधवार को वेतन, पेंशन एवं बकाये अनुदान के भुगतान के मुख्य मांग को लेकर संस्था के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन एवं सत्याग्रह कर अपने आक्रोश का इजहार किया। इसकी जानकारी देते हुए वारसी कॉलेज के प्राचार्य सह वित्तरहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ० बिपिन सिन्हा ने बताया कि उक्त राज्यव्यापी कार्यक्रम का आहवान वित्तरहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर किया है। उन्होंने बताया कि वित्तरहित शिक्षक-कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा की मुख्य मांगों में वित्तरहित अनुदानित शिक्षकों-कर्मचारियों को अनुदान के बदले वेतन देने, सेवानिवृत्त शिक्षक कर्मचारियों को पेंशन देने, सात वर्षों के बकाये अनुदान का भुगतान माध्यमिक विद्यालयों की मान्यता बहाल रखने आदि मुख्य मांगों को लेकर किया है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सरकार की उपेक्षा के कारण वित्तरहित शिक्षा कर्मियों के भूखमरी का शिकार होने का आरोप लगाया। शिक्षक नेताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि राहत के रूप में मिलने वाला अनुदान भी पिछले 7 वर्षों से बकाया है। वेतन एवं अनुदान की आशा में शिक्षाकर्मी लगातार सेवानिवृत्त होते जा रहे है। शिक्षकों ने सभा के माध्यम से राज्य सरकार को चेतावनी दी कि यदि इस गंभीर संकट का हल जल्द नहीं निकाला तो बिहार के वित्तरहित शिक्षक कर्मचारी निर्णायक संघर्ष के लिए बाध्य होंगे।

# सिरदला प्रखंड केबीआरसी में प्रधान शिक्षकों की बैठक, अपार आईडी व परिभ्रमण योजना पर जोर

लोकतंत्र की आवाज



प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला प्रखंड के बीआरसी भवन में बुधवार को प्रधान शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राज नारायण प्रसाद सिंह ने की। बैठक में विद्यालयों के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक निर्देश जारी किए गए। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने सभी प्रधान शिक्षकों को निर्देश दिया कि छात्र-छात्राओं का अपार आईडी कार्ड निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक डाटा सुव्यवस्थित रूप से संधारित हो सके। साथ ही मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को दार्शनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराने की तैयारी समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण से विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं सामाजिक विकास को नई दिशा मिलती है। बैठक में अकाउंटेंट दीक्षा प्रसून समेत विनोद कुमार, धीरेंद्र कुमार, अशफाक आलम, नरेश प्रसाद, धीरज कुमार, जयनंदन प्रसाद, उदित कुमार, मनोज कुमार, सुभाष चंद्र, विद्यासागर प्रसाद, सुरेश चौधरी, मुकेश कुमार घोष, शैलेंद्र कुमार, लक्ष्मण तांती, राजेश रंजन एवं सत्येंद्र कुमार सहित दर्जनों प्रधान शिक्षक उपस्थित रहे।

# पकरीबरावा प्रखंड में प्रशासन के द्वारा बच्चों एवं बच्चियों को खेल के द्वारा उत्साहित किया गया

लोकतंत्र की आवाज




धर्मेंद्र कुमार शर्मा
**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड मुख्यालय में 22 फरवरी से 27 फरवरी तक बिहार पुलिस सप्ताह दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन पकरीबरावां थाना के सौजन्य से बुधवार को किया गया। प्रखंड। कार्यालय कैंपस में खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन पकरीबरावां के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार भास्कर, बीडीओ मृत्युंजय कुमार, पकरीबरावां थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजन चौधरी, जिला पार्षद प्रतिनिधि पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस बीच स्कूली बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन में कबड्डी के मैच कराए गये जिसमें घनश्याम नगर करतारा पब्लिक स्कूल एवं आवासीय ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल पकरीबरावा के छात्र- छात्राओ के बिच हुई घनश्याम नगर करतारा पब्लिक स्कूल पकरीबरावा के छात्रो ने जीत हासिल किया वहीं घनश्याम नगर करतारा पब्लिक स्कूल पकरीबरावा के बच्चियों ने भी जीत हासिल किया। विजेता टीम को पकरीबरावां पुलिस की ओर से प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

# भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है: शहनवाज

लोकतंत्र की आवाज




**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला के मेहनौर स्थित भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैय्यद शहनवाज हुसैन, प्रदेश उपाध्यक्ष लाजवंती झा सहित कई प्रदेश स्तरीय नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में वैचारिक अधिष्ठान, संगठन विस्तार, कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया व एआई, नमो ऐप, बूथ प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मंडल से बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। सैय्यद शहनवाज हुसैन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता का सम्मान होता है और समर्पण के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है, वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ डबल इंजन सरकार में बिहार तेज गति से विकास कर रहा है। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में जिला व प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना द्वारा सोलर मेला का आयोजन, आम नागरिकों को बिजली के भारी-भरकम बिल से मुक्ति दिलाना और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी।** हरिदास सेमीनारी इंटर कॉलेज गया जी के प्रेक्षागृह में ₹प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना₹ अंतर्गत रूफ टॉप सोलर प्रणाली के अधिक से अधिक इस्तेमाल और अधिस्थापन संबन्धित जागरूकता फैलाने के लिए एक सोलर मेला 2026 का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ शशांक शुभंकर, जिला पदाधिकारी गया जी, संदीप प्रकाश, विद्युत अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति अंचल गया और अभिषेक पलासिया नगर आयुक्त गयाजी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी गया जी ने उपस्थित विद्युत उपभोक्ताओं विभिन्न सोलर वेंडरों के प्रतिनिधियों एवं जनसमूहों को संबोधित करते हुए सोलर प्रणाली की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को बिजली के भारी-भरकम बिल से मुक्ति दिलाना और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। जिलाधिकारी ने बताया कि गया जिले में तेजी से लोग अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवा रहे हैं। कई परिवार ऐसे हैं जो अब अपने खपत के अतिरिक्त सोलर यूनिट उत्पादन कर बिजली ग्रिड में दे रहे है और अपना बिजली बिल शुन्य कर रहे है। विद्धुत अधीक्षण अभियंता विद्धुत आपूर्ति अंचल गयाजी ने उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार की इस योजना अंतर्गत कुटीर ज्योति बिजली उपभोक्ताओ को 1.1 के डब्लू का मुफ्त सोलर पैनल लगाया जाना है जिसके लिए सभी कुटीर ज्योति उपभोक्ताओ को सुविधा ऐप के माध्यम से बस अपनी सहमति देनी है। सोलर समागम कार्यक्रम में 15 सोलर वेंडरों ने अपने स्टाल के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को सोलर प्रणाली लगाने के तरीके अनुमानित खर्च एवं फायदा बताते हुए आम विद्युत उपभोक्ताओं के विभिन्न शंकाओ का समाधान किया है। इस कार्यक्रम के दौरान कुछ वैसे सोलर उपभोक्ता जिनकी विद्युत विपत्र सोलर प्रणाली के इस्तेमाल के उपरांत शून्य आ रहा है के साथ-साथ कुछ अग्रणी सोलर वेंडरों को उनके प्रयास हेतु गिफ्ट एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया है। इस सोलर समागम कार्यक्रम में विद्धुत कार्यपालक अभियंता, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मी, विद्युत विभाग के कर्मचारी, पदाधिकारी, सोलर उपभोक्ताओ एवं अन्य विद्युत उपभोक्ता भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समूह का धन्यवाद ज्ञापन विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल मानपुर अजय कुमार ने किया।

# कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय का आधार सेंटर बन्द रहने से हो रही परेशानी

लोक तंत्र की आवाज

**कौआकोल:** कौआकोल प्रखंड मुख्यालय में आधार कार्ड केंद्र बंद रहने के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कौआकोल बाजार सहित अन्य कई स्थानों पर अवैध ढंग से आधार बनाने एवं सुधारने का कार्य किया जा रहा है। जिससे लोगों का आर्थिक दोहन हो रहा है। प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित आधार सेंटर लगभग एक साल से बन्द है, जिसके कारण आधार से जुड़े जरूरी कार्य, जैसे- नाम सुधार, पता अपडेट, मोबाइल नंबर लिंक कराने समेत नये आधार पंजीकरण के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आधार कार्ड आज के दौर में सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं के लिए अनिवार्य दस्तावेज बन चुका है। ऐसे में आधार सेंटर बंद होने से गरीब, मजदूर, छात्र और महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हैं। बच्चों के नए आधार कार्ड बनवाने, बैंक खाते खोलने, पेंशन, छात्रवृत्ति, राशन कार्ड और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्य लंबित हैं। आधार अनिवार्य होने के कारण कई लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। कई लोग मजबूरी में दूर-दराज के प्रखंडों एवं अनाधिकृत रूप से चल रहे आधार केंद्रों में जाकर काम कराने को विवश हैं। जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कौआकोल प्रखंड मुख्यालय में आधार कार्ड केंद्र को पुनः चालू कराने को लेकर मांग कि है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। अपने पुत्र का आधार कार्ड बनवाने प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे डोमनबाग गांव निवासी सीताराम मांझी ने बताया कि आधार बनवाने के लिए वे कई दिनों से भटक रहे हैं। वहीं कई लोगों ने बताया कि अनाधिकृत रूप से चल रहे आधार केंद्रों पर नया बनाने एवं सुधारने में 1000 से 1200 तक रूपये खर्च करने के बावजूद काम नहीं हो रहा है। वहीं इस सम्बंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों को सूचना देकर आधार कार्ड केंद्र चालू कराने का प्रयास किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बारातियों से भरी स्कॉर्पियो अननियंत्रित होकर पलटी 11 घायल

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**

**हरदोई।** अतरौली थाना क्षेत्र मे संडीला-अतरौली मार्ग पर महमदापुर मोड़ समीप नहर पुलिया समीप बारात से वापस घर लौट रहे बारातियों से भरी स्कार्पियो नहर मे पलट गयी। जिससे स्कार्पियो मे बैठे 11 लोंग घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची दो एम्बुलेंसो ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडीला ले गयी। जहा चिकत्सको ने तीन लोगो की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया। बताते चले जनपद लखनऊ के थाना पारा क्षेत्र के ग्राम पतौरा सलेमपुर गांव निवासी बबली पत्नी अखिलेश अपने भाई अपने भाई आशीष कुमार त्रिपाठी निवासी बहमनवापेंग थाना अतरौली की शादी मे शामिल होने के लिए परिवार मे राज पुत्र पंकज उम्र 16 वर्ष आदित्य पुत्र सुशील उम्र 22 वर्ष कान्हा पुत्र विजय उम्र 13,अमन पुत्र अखिलेश उम्र 22,सोनू शुक्ला पुत्र हरिशंकर उम्र 50 वर्ष,अंचल पुत्र अखिलेश राज,ख़ुशी पुत्री अखिलेश मुस्कान के साथ स्कार्पियो मे सवार होकर कोथावा बारात मे शामिल होने आयी हुई थीं। जहा यह रात मे बारात से होकर वापस घर स्कार्पियो मे सभी लोंग बैठ कर ब्राह्मणवा पेंग थाना अतरौली जा रही थीं।कि अतरौली थाना क्षेत्र मे संडीला-अतरौली मार्ग पर महमदापुर मोड़ समीप नहर पुलिया समीप बारातियों से भरी स्कार्पियो नहर मे पलट गयी। जिससे स्कार्पियो मे बैठे 11 लोंग घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर दो एम्बुलेंस लेकर पहुचे ईएमटी राहुल व पायलेट विजय ईएमटी मुलायम व पायलेट नितिन ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडीला मे भर्ती कराया। जहा पर चिकत्सको ने बबली, अमन और अंचल की हालत गभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया। अतरौली थाना प्रभारी सतीशचंद्र ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

### सफलता: दहेज़ हत्या और जानलेवा हमले के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार





**साजिद सलमानी**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना कोतवाली मण्डी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पहली कार्रवाई में, थाना मण्डी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में काफी समय से फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर अपनी पत्नी को दहेज़ के लिए प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने का गंभीर आरोप है। पुलिस काफी समय से इसकी तलाश में दबिश दे रही थी, जिसे आखिरकार सटीक सूचना के आधार पर दबोच लिया गया। वहीं दूसरी सफलता में, पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक अन्य मामले में वांछित चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। इस अभियुक्त पर जानलेवा हमला करने और शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप दर्ज थे। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपीयों को गिरफ्तार किया, जिससे क्षेत्र के अन्य अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# उरई : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 56 कार्यों को स्वीकृत किए गए

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 10.30 करोड़ रुपये से अधिक की विकास की कार्य योजनाओं को स्वीकृति





**लोक तंत्र की आवाज**

**उरई।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत नगर निकायों द्वारा प्रस्तुत विकास कार्ययोजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विस्तृत परीक्षण एवं गुणवत्ता मानकों की समीक्षा के उपरांत कुल 56 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। नगर निकायवार स्वीकृत कार्यों एवं धनराशि का विवरण इस प्रकार है नगरपालिका परिषद जालौन 04 कार्य, 110.53 लाख रुपये, नगरपालिका परिषद कोंच 25 कार्य 337.91 लाख रुपये, नगर पंचायत, एट 16 कार्य 296.48 लाख रुपये, नगर पंचायत कोटरा 11 कार्य 285.53 लाख रुपये। इस प्रकार कुल 1030.45 लाख रुपये लगभग 10.30 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया। स्वीकृत कार्यों में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण, सड़क एवं नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण, पार्क एवं ओपन स्पेस का विकास, सामुदायिक सुविधाओं का विस्तार तथा अन्य आधारभूत ढांचे से जुड़े कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से नगर निकाय क्षेत्रों में स्वच्छता, सुगम आवागमन, प्रकाश व्यवस्था और मूलभूत नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाएं। प्रत्येक कार्य की चरणबद्ध मॉनिटरिंग, भौतिक सत्यापन एवं फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से पारदर्शिता बनाए रखते हुए कार्य आवंटन किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निकायों का समुचित विकास ही शहरी क्षेत्रों की प्रगति का आधार है। इन कार्यों के पूर्ण होने से आम नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जीवन स्तर में सुधार आएगा तथा जनपद जालौन के शहरी क्षेत्रों में सुनियोजित विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, चेयरमैन जालौन नेहा मित्तल, चैयरमैन कौंच प्रदीप कुमार गुप्ता, चैयरमैन सियाशरण व्यास, अधिशाषी अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार: मानचित्र आवासीय लेकिन मिलीभगत से मौके पर बन गया होटल



**लोकतंत्र की आवाज़**

**साजिद सलमानी**

**सहारनपुर।** लोकायुक्त में शिकायत के बाद घंटाघर पर अवैध रूप से बने होटल सील हुए थे। अब एक और मामला सहारनपुर विकास प्राधिकरण के जोन 4 के अंतर्गत गिल कॉलोनी सहारनपुर में प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 3000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से भूखंडों का उप विभाजन किए जाने पर सुषमा त्यागी के नाम से वाद संख्या 626/2018-19 योजित किया गया था परंतु प्राधिकरण के अधिकारियों एवं अभियंताओं की दुरभिसंधि के कारण आज तक अवैध कॉलोनी का ध्वस्थिकरण नहीं किया गया जिसका अनुचित लाभ उठाते हुए अवैध कालोनाइजर द्वारा उक्त अवैध कॉलोनी में प्लॉट नंबर 2 व 3 क्षेत्रफल 134.61 वर्ग मीटर को अवैध कालोनाइजरों यथा सुषमा त्यागी पत्नी स्वर्गीय राजीव कुमार त्यागी निवासी गिल कॉलोनी सहारनपुर व अरुण त्यागी पत्नी विक्रम त्यागी निवासी गोविंदपुरी जगाधरी व रामकृष्ण जेटली पुत्र स्वर्गीय गिरधारी लाल जेटली निवासी गिल कॉलोनी सहारनपुर ने क्रेता थ्रीष्ट फार्मास्युटिकल प्रा0लि0 द्वारा डायरेक्टर जगमिन्दर सिंह पुत्र कुलदीप सिंह को विक्रयकर दिए जिसके बाद निर्माणकर्ता जगमिन्दर सिंह ने उपरोक्त दोनों प्लॉट नंबर 2 व 3 के साथ प्लॉट नंबर 26 को आमेलित/एकजाई कर लगभग 300 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में सेटबैक व पार्किंग स्थल एवं रोड वाइंडनिंग को कवर्ड कर 3 तलों पर होटल पुष्पदीप रेजिडेंसी के नाम से होटल का निर्माण कर लिया गया है जिसमें बिना पूर्णतया प्रमाण पत्र प्राप्त किया ही होटल क्रिया संचालित की जा रही है। यह भी जांच का विषय है कि अवैध कॉलोनी में बिना तलपट मानचित्र स्वीकृत हुए भूखंडों पर होटल का निर्माण कैसे हो गया और अवैध कालोनी की वाद पत्रावली पर जगमिन्दर सिंह के मानचित्र किसकी मिलीभगत से दाखिल हुए। उपरोक्त से स्पष्ट है कि व्यापक भ्रष्टाचार कार्य किया गया है। शिकायतकर्ता ने शिकायत में अंकित ठोस तथ्यों की जांच कराकर अवैध होटल को सील-ध्वस्तीकरण करें तथा दोषी अधिकारियों एवं अभियंताओं के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही की मांग की है यह भी जानकारी मिली है कि एसडीए ने जगमिन्दर को पत्र भेज कर होटल निर्माण के बारे में जवाब मांगा है।

## हरदोई : शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार दंपत्ति से लूट

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई।**

**हरदोई।** अतरौली क्षेत्र के बार्डर पर सण्डीला थाना क्षेत्र में मंगलवार की आधी रात तमन्चे के बल पर बदमाशों ने एक दम्पति को लूट लिया। दम्पति रिश्तेदारी से एक शादी समारोह करके बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। पीछे से आकर बदमाशों ने चौपहिया वाहन आगे लगा तमन्चा अड़ा दिया और वारदात को अंजाम दे भाग निकले। सूचना पाकर सण्डीला पुलिस इंस्पेक्टर विद्यासागर, सीओ सन्तोष सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। सण्डीला थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरा कला निवासी सर्वेश पाल ने बताया कि वह मंगलवार की शाम 4 बजे अपनी पत्नी उमा पाल के साथ अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम कसियापुर मजरा भरावन में रिश्तेदारी सोहन लाल के घर शादी समारोह में आया था।रात 1 बजे बाइक से वापस अपनी पत्नी के साथ घर जा रहा था। रास्ते में गांव टिकरा कला से 500 मीटर पहले नहर किनारे सुनसान जगह पर पीछे से आ रहे चौपहिया सवार बदमाशों ने अपना वाहन बाइक के आगे लगाते हुए बाइक रोक ली। तीन बदमाशों ने पति पत्नी दोनों पर तमन्चा लगाकर कहा कि चिल्लाये तो गोली मार देंगे और नहर में फेंक देंगे। चौथे बदमाश ने पत्नी के दोनों कान से सोने के कुण्डल नोच लिए जिससे उसके कान फट गये। फिर कहा चुपचाप सारा जेवर उतार दो। बदमाशों ने कान के झाला कुण्डल, सोने के 2 माला बड़े, 250 ग्राम चांदी की पायल, 10 हजार नगद रुपये, एक स्मार्ट फोन, गाड़ी की चाभी लूट ले गये। सर्वेश लखनऊ में बेकरी का काम करता है। इंस्पेक्टर विद्यासागर ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

## बिजनौर में ओवरलोड वाहनों एवं अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट पायल कुमारी**

**बिजनौर।** सविनय निवेदन है कि जनपद बिजनौर में वर्तमान समय में ओवरलोड गन्ना ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, ओवरलोड डंपरों तथा अवैध खनन की समस्या अत्यधिक गंभीर रूप ले चुकी है। इन गतिविधियों के कारण सड़कों की स्थिति खराब हो रही है, दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है तथा आम जनता एवं किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी जा चुकी हैं, किंतु अब तक कोई ठोस रणनीति या प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है। अधिकांश मामलों में केवल औपचारिकता पूरी कर दी जाती है, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि जनहित, किसानों की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जनपद बिजनौर में ओवरलोड वाहनों एवं अवैध खनन के विरुद्ध कठोर एवं स्थायी कार्यवाही सुनिश्चित करने की कृपा करें। साथ ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके। आपकी इस दिशा में की गई कार्यवाही से आम जनता एवं किसान वर्ग को राहत मिलेगी।

ज्ञापन देने वालो मैं रवेंद्र चौहान मुख्य उपाध्यक्ष गोतम शर्मा उपाध्यक्ष आदिल कुरेशी प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सुरेश चंद सागर मंडल उपाध्यक्ष शुभम गुर्जर प्रदेश महासचिव सारिक मलिक प्रदेश महासचिव केफ मलिक युवा प्रदेश संगठन मंत्री पश्चिम उत्तर प्रदेश सुफियान मंडल संगठन मंत्री अचल शर्मा युवा जिला ध्यक्ष सुनील जिला अध्यक्ष एससी एसटी मोर्चा ठाकुर सचिन चौहान जिला मीडिया प्रभारी हेलो फराज खान प्रदेश महासचिव योग पश्चिम उत्तर प्रदेश अशोक उपाध्याय जिला संगठन मंत्री अदनान जिला महामंत्री बलराम चौहान जिला महासचिव लवकुश चौहान ब्लॉक अध्यक्ष नेहटोर प्रिंस रावल सूर्यकांत भाटी रिशु भाटी निशांत गुर्जर।

## एनएचएआइ की आड़ में अवैध मिट्टी भरान का खुलासा, नजीबाबाद क्षेत्र में अधिकांश रात दस बजे के बाद कुछ रिश्वतखोर अधिकारियों की रिश्वतखोरी के चलते क्षेत्र में चल रहा अवैध खनन

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नजीबाबाद।** थाना मंडावली क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में एनएचएआई की कथित परमिशन की आड़ में चल रहे अवैध मिट्टी भरान का मामला बीती देर रात उस समय उजागर हुआ, जब स्थानीय जिम्मेदार नागरिकों ने तहसील प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार और लेखपाल तत्काल मौके पर पहुंचे और रात में ही जांच पड़ताल की। जांच के दौरान डंपरों द्वारा डाली गई मिट्टी संदिग्ध पाई गई। बताया जा रहा है कि ग्राम कमगारपुर से एनएचएआई कार्य के नाम पर मिट्टी उठाकर उत्तराखंड सीमा की ओर ले जाई जा रही है जबकि इसी परमिशन की आड़ में रात के अंधेरे में आसपास की कॉलोनियों में भी अवैध तरीके से मिट्टी का भरान किया जा रहा है। इन स्थानों पर मिला अवैध भरान भागूवाला गन्ना क्रेशर के सामने सर्विस डक के पास बड़े पैमाने पर मिट्टी का भरान पाया गया, जो कई दिनों से रात के समय जारी था। वालिया तिराहे के पास टी-पॉइंट स्थित कॉलोनी क्षेत्र में भी अवैध रूप से मिट्टी डाली गई मिली। सूत्रों के अनुसार, इसके अतिरिक्त भी अन्य विभिन्न स्थानों पर इसी परमिशन की आड़ में भरान का कार्य चल रहा है। सबसे गंभीर पहलू यह सामने आया कि अधिकांश डंपरों पर न तो आगे नंबर प्लेट लगी है और न ही पीछे। कई वाहनों की नंबर प्लेट ढकी हुई या काले रंग से पोती गई बताई जा रही है। दिन हो या रात,दर्जनों डंपर बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं। बिना नंबर प्लेट भारी वाहनों का संचालन सड़क सुरक्षा, राजस्व और कानून व्यवस्था, तीनों के लिए गंभीर खतरा है। दुर्घटना की स्थिति में वाहन की पहचान तक संभव नहीं हो पाएगी। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने लेखपाल व कानूनगो को संयुक्त रूप से गहन जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि परमिशन का दुरुपयोग सिद्ध हुआ तो संबंधित अनुमति को निरस्त करने हेतु एसडीएम नजीबाबाद को रिपोर्ट भेजी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर डीएम को भी अवगत कराया जाएगा। चौकी इंचार्ज संजय यादव भी मौके पर मौजूद रहे और अवैध भरान की स्थिति का संज्ञान लिया। प्रशासन ने सख्त निगरानी का आश्वासन दिया है।बिना नंबर प्लेट चल रहे सभी डंपरों को तत्काल सीज किया जाए।एनएचएआई के नाम पर जारी कथित परमिशन की सत्यता सार्वजनिक की जाए। उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड मिट्टी परिवहन की वैधता की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। रात में हो रहे अवैध भरान पर तत्काल रोक लगाई जाए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो एनएचएआई के नाम पर अवैध मिट्टी भरान और परिवहन का यह खेल और भी व्यापक रूप ले सकता है। अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या इस गंभीर प्रकरण में ठोस और उदाहरणात्मक कार्रवाई की जाएगी, या फिर परमिशन की आड़ में अवैध गतिविधियां यूं ही चलती रहेंगी।

## मेरठ : सेंट्रल मार्केट में व्यापारियों ने लगाये सपा के झंडे मामला गर्माया हुई तीखी नोंकझोंक

**लोकतंत्र की आवाज**



**संवाददाता गौहर अनवार**

**मेरठ।** थाना नौचंदी क्षेत्र के शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल मार्केट में हुई बुलडोजर की कार्रवाई दिन-ब-दिन बड़ा विवाद बनती चली जा रही है। दरअसल यह मामला अब एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनकर सामने आ रहा है, क्योंकि बुधवार को भाजपा नेताओं की बेरुखी से नाराज़ व्यापारियों ने अपनी दुकानों पर सपा के झंडे लगा दिए, जैसे ही सेंट्रल मार्केट में सपा के झंडे लगे की खबर भाजपा नेताओं को पहुंची तो काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता सेंट्रल मार्केट पहुंचे और सपा के झंडों को उतार कर फेंकना शुरू कर दिया। जिसके बाद मार्केट में तनाव का माहौल पैदा हो गया व्यापारी और भाजपा नेताओं के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। इस दौरान सपा नेता शैंकी वर्मा ने शिवपाल सिंह यादव से व्यापारियों की बात कराई तो उन्होंने कहा कि इस मामले में समाजवादी पार्टी व्यापारियों के साथ है, उन्होंने यहां तक कहा कि अगर इसके लिए उन्हें मेरठ आना पड़ा तो मेरठ पहुंच जाएंगे। वहीं इस मामले में सरधना विधायक अतुल प्रधान ने भी स्पष्ट कर दिया कि वह सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए हैं। और इस पूरे प्रकरण में सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों का आरोप है कि उन्होंने इस संकट की घड़ी में कई बार स्थानीय भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन वहां से उन्हें केवल कोरे आश्वासन और बेरुखी ही मिली। बता दें कि आवास विकास परिषद ने कोर्ट के आदेश के बाद सेंट्रल मार्केट में कमर्शियल गतिविधियों को अवैध बताते हुए ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया है। एक कॉम्प्लेक्स पहले ही ढहाया जा चुका है और बाकी दुकानों पर भी बुलडोजर चलने की तलवार लटकी हुई है। वही इस मामले में जब पुलिस ने झंडा लगाने वालों को थाने में बंद किया तो मामला और गरमा गया। जिसके बाद झंडा लगाने वाले लोगों को थाने में ले जाने की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश सचिव विपिन चौधरी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव सौरभ अग्रवाल और सपा नेताओं के साथ तुरंत थाने पहुंचे और एसएसपी से वार्ता कर थाने में बंद किए गए लोगों को छुड़ाया। वहीं बताया गया है कि इस मामले की सूचना जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी और महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी को भी दी गई थी। लेकिन उन्होंने इस मामले से दूरी बना ली और मौके पर नहीं पहुंचे। इस दौरान नितिन गर्ग, शिवम पटेल, गौरव काजीपुर आदि सपा नेता उनके साथ मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने जनपद के प्रत्येक मतदाता से अपील की कि हर पात्र नागरिक बने मतदाता, फार्म-6 भरते समय घोषणा पत्र, निवास प्रमाण व सही जानकारी अनिवार्य

**लोकतंत्र की आवाज**

**उरई।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत नये मतदाता के रूप में पंजीकरण हेतु फार्म-6 भरते समय निर्धारित दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें, जिससे मतदाता फोटो पहचान पत्र त्रुटिरहित तैयार हो और मतदान के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरा जाये। फार्म-6 में आवेदक का नाम एवं पूर्ण पता शुद्ध वर्तनी में, नवीनतम स्पष्ट फोटो तथा वर्तमान मोबाइल नम्बर अंकित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इससे निर्गत मतदाता फोटो पहचान पत्र में त्रुटि की संभावना कम होगी तथा भविष्य में मतदान केन्द्र पर पहचान सुनिश्चित करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल **voters.eci.gov.in** तथा एउक्ठएळ ऐप पर ऑनलाइन फार्म-6 भरने की सुविधा उपलब्ध है। आवेदन भरते समय डिजिटल फोटोग्राफी के निर्धारित मानकों का पालन किया जाना अनिवार्य है। आवेदक की रंगीन, स्पष्ट, उच्च गुणवत्ता वाली पासपोर्ट साइज फोटो (4.5 सेमी×3.5 सेमी), खढएँ फॉर्मेट में अधिकतम 2 टइ आकार की होनी चाहिए। फोटो में आवेदक के सिर एवं कंधों का ऊपरी भाग स्पष्ट दिखाई दे तथा चेहरे का भाग लगभग 75 प्रतिशत हो। फोटो में कोई सिलवट, धुंधलापन, छाया अथवा प्रतिबिम्ब नहीं होना चाहिए।



**आवेदक का चेहरा सामान्य हो तो आँखें स्पष्ट दिखाई दें :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वयं एवं संबंधी का नाम हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में स्पष्ट रूप से भरा जाना चाहिए। केवल एक भाषा में नाम भरने पर प्रणाली द्वारा स्वतः रूपांतरण में वर्तनी त्रुटि की संभावना रहती है। संबंधी के रूप में पिता/माता/पति/पत्नी में से किसी एक का नाम अंकित किया जाये तथा तृतीय लिंग के मामले में विधिक संरक्षक (गुरू) का उल्लेख किया जाये। विवाहित महिला आवेदकों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर पति का नाम भरा जाना चाहिए तथा जो विकल्प लागू न हो उसे काट दिया जाये। उन्होंने कहा कि वर्तमान निवास का पूर्ण एवं स्पष्ट पता अंकित करना अनिवार्य है, जिसमें मकान/भवन संख्या, गली/मोहल्ला/सड़क, शहर/गांव, डाकघर, पिनकोड, तहसील, जनपद एवं राज्य का नाम अवश्य लिखा जाये। पते के निकट किसी लैंड मार्क निश्चित उल्लेख करे। सामान्य निवास प्रमाण हेतु निर्धारित अभिलेखों में से किसी एक की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न की जानी चाहिए, जैसे पानी/बिजली/गैस बिल (कम से कम एक वर्ष का), आधार कार्ड, बैंक/डाकघर पासबुक, भारतीय पासपोर्ट, राजस्व अभिलेख, पंजीकृत किराया पट्टा अथवा विक्रय विलेख। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष रूप से पिनकोड सही अंकित करने पर बल देते हुए कहा कि त्रुटिपूर्ण पिनकोड के कारण मतदाता फोटो पहचान पत्र के वितरण में अनावश्यक विलम्ब हो सकता है। अतः आवेदन करते समय सही पिनकोड अवश्य अंकित किया जाये। उन्होंने कहा कि फार्म-6 में मोबाइल नम्बर अवश्य दर्ज करें। मोबाइल नम्बर अंकित होने से आवेदक ओटीपी के माध्यम से अपने आवेदन की स्थिति एउक्ठएळ ऐप या **voters.eci.gov.in** पोर्टल पर ट्रैक कर सकता है तथा ई-इपिक को एक से अधिक बार डाउनलोड भी कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि नये मतदाता के रूप में पंजीकरण करते समय उपर्युक्त सभी बिन्दुओं का सावधानीपूर्वक पालन करें।

## शांतिभंग की आशंका पर चार असामाजिक तत्व जिला बदर/ जिला मजिस्ट्रेट

**लोकतंत्र की आवाज**

- जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय की सख्त कार्रवाई, निर्धारित अवधि तक जनपद की सीमाओं में प्रवेश प्रतिबंधित



**उरई ।** जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा चार असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है। न्यायालय द्वारा पारित आदेश के तहत अमन उर्फ बटलर पुत्र दिलीप कुमार निवासी इंद्रा नगर उरई, श्याम बाबू पुत्र रामप्रकाश निवासी देवकली कालपी, पंकज पुत्र अमर नाथ निवासी नया पटेल नगर उरई तथा निखिल पुत्र पुष्पेंद्र निवासी बंदौली थाना डकोर को जनपद की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने उपलब्ध अभिलेखों, पुलिस रिपोर्ट एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर यह कार्रवाई की है। आदेश के अनुसार संबंधित व्यक्तियों को निर्धारित अवधि तक जनपद की सीमाओं में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। आदेश का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# मृत्युंजय यादव को साहेबगंज प्रखंड ग्रामीण का अध्यक्ष मनोनीत की गई





**लोक तंत्र की आवाज**

**साहेबगंज।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष माननीय केशव महतो कमलेश के अनुमोदन उपरांत मृतंजय यादव को साहेबगंज जिला अंतर्गत साहेबगंज ग्रामीण प्रखंड कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नियुक्ति के उपलक्ष्य में आज दिनांक 25/02/2026 को जिला कांग्रेस कार्यालय, साहेबगंज में एक सादे किन्तु गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने नवनियुक्त प्रखण्ड अध्यक्ष मृतंजय यादव को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से नव नियुक्त प्रखण्ड अध्यक्ष को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर अपने संबोधन में बरकत खान ने कहा कि मृतंजय यादव की नियुक्ति संगठन के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, सक्रिय भूमिका एवं दीर्घकालीन समर्पण को ध्यान में रखते हुए की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए श्री यादव अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी कर्मठता, ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि प्रखंड स्तर पर कांग्रेस पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना नई जिम्मेदारी का मुख्य उद्देश्य है। संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के मनोबल को सुदृढ़ करना तथा आम जनमानस के बीच पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से स्थापित करना समय की आवश्यकता है। साथ ही, क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाकर उनके समाधान की दिशा में ठोस एवं सकारात्मक पहल करना भी संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान नव-नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष मृतंजय यादव ने पार्टी नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वे पूर्ण रूप से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी से करेंगे तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे। इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए श्री मृतंजय यादव को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में प्रखंड में कांग्रेस अधिक सशक्त एवं प्रभावी रूप में उभरेगा।

मौके पर वरिष्ठ ज़िला उपाध्यक्ष मो.कलीमुद्दीन, ज़िला महासचिव सरफराज आलम, ज़िला सचिव राम श्रृंगार ओझा, दिलीप गुप्ता, रणजीत टुडू, सद्दाम हुसैन, सतीश पासवान, मोफ़िज़ आलम, परवेज आलम, शरीक रब्बानी, नेहाल अख्तर, शब्दुल अंसारी, सादिक रज़ा, गुफ़रान आलम, शिवम, तरुण कुमार यादव, अभिषेक यादव, सुनील कुमार यादव, टुनटुन कुमार यादव, अखिलेश कुमार यादव, फैजान अहमद, अमित कुमार यादव, उज्ज्वल कुमार यादव, पीयूष कुमार यादव मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मतगणना कर्मियों के प्रशिक्षण का उपायुक्त ने लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज। जिला निर्वाचन पदाधिकारी( न0प0 )–सह–उपायुक्त हेमंत सती ने आज नगर निकाय चुनाव के सफल एवं पारदर्शी संचालन को लेकर पुलिस लाईन विद्यालय में संचालित मतगणना कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, मतगणना प्रक्रिया की समझ, प्रपत्रों के संधारण तथा मतपेटी से संबंधित बिंदुओं की विस्तार से जानकारी ली। उपायुक्त ने उपस्थित कर्मियों को निर्देशित किया कि मतगणना कार्य पूर्णत: निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सतर्कता के साथ संपन्न करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चरण में राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल कर्मियों से प्रश्नोत्तर के माध्यम से उनकी तैयारी का भी आकलन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया, ताकि नगर निकाय चुनाव की मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### मिल्की व मिर्जाफरी में बूचड़खाना चलने का आरोप झूठा, विधायक माफी मांगें: अरुण यादव




लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर/नवगछिया। बिहपुर, 25 फरवरी 2026, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने बयान जारी कर कहा है कि बिहपुर के भाजपा विधायक कुमार शैलेंद्र द्वारा विधानसभा में बिहपुर क्षेत्र के मिल्की और खरीक प्रखंड के मिर्जाफरी में अवैध बूचड़खाने संचालित होने संबंधी प्रश्न उठाना पूरी तरह मनगढ़ंत, झूठा और भ्रामक है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह का प्रश्न उठाकर विधायक ने न केवल सदन को गुमराह किया है, बल्कि बिहपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को भी शर्मसार करने का काम किया है। अरुण यादव ने कहा कि राज्य में सत्ता, शासन और प्रशासन एनडीए के हाथ में है तथा स्वयं कुमार शैलेंद्र सत्तापक्ष के विधायक हैं। यदि मिल्की एवं मिर्जाफरी क्षेत्रों में गौवंश की अवैध कटाई और बिक्री हो रही है, तो वे दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उदाहरण प्रस्तुत करें। अन्यथा विधानसभा में भ्रामक प्रश्न उठाने के लिए क्षेत्र की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। राजद प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा–नीतीश सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भावनात्मक और भड़काऊ मुद्दे उठाकर जनता का ध्यान मूल समस्याओं से भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता अपराध, भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन विधायक के पास इन मुद्दों के समाधान के लिए कोई ठोस रोडमैप नहीं है।

### होली पर भागलपुर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। भागलपुर रेशमी शहर भागलपुर में होली के अवसर पर साहित्य और संस्कृति का भव्य संगम होने जा रहा है। मारवाड़ी युवा मंच भागलपुर उदय शाखा एवं सिद्ध शाखा के संयुक्त तत्वावधान में 1 मार्च रविवार को रात्रि 9 बजे से मारवाड़ी पाठशाला मैदान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम मित्र बसंत गोष्ठी होली उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से ख्यातिप्राप्त कवि शिरकत करेंगे। मंच पर महेंद्र अजनबी, डॉ. विनीत चौहान, डॉ. संजय झाला, दिनेश देसी घी, यशदीप कौशिक, महेंद्र मधुर और शशि श्रेया अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से हास्य और व्यंग्य की प्रस्तुति होगी जिसमें समसामयिक मुद्दों पर तीखे कटाक्ष सुनने को मिलेंगे। इसके साथ ही वीर रस, गीत और ग़ज़ल की भी आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम पारिवारिक परिवेश में आयोजित किया जा रहा है ताकि सभी आयु वर्ग के लोग इसका आनंद ले सकें। होली के इस खास अवसर पर साहित्यिक रंगों की यह शाम शहरवासियों के लिए यादगार साबित होगा।

### बच्चा चोरी की अफवाहों से घबराना नहीं, तुरंत सूचना दें : एसपी शरथ आरएस



लोकतंत्र की आवाज

सुपौल। जिले में फैल रही बच्चा चोरी की अफवाह को लेकर सुपौल पुलिस अधीक्षक शरथ आरएस ने आम नागरिकों से सतर्क व जागरूक रहने की अपील की है. पुलिस अधीक्षक शरथ आरएस ने कहा कि किसी भी अपुष्ट सूचना या अफवाह पर विश्वास नहीं करें. कानून को अपने हाथ में लेने से बचें. उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति पर बच्चा चोरी करने का संदेह हो, तो स्वयं कार्रवाई करने के बदले तत्काल इसकी सूचना निकटतम थाना, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुपौल अथवा आपातकालीन सेवा डायल 112 पर दें. पुलिस अधीक्षक शरथ आरएस ने सोशल मीडिया या मौखिक रूप से फैल रही भ्रामक खबरों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है. अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी गयी है. पुलिस ने भरोसा दिलाया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलते ही त्वरित जांच कर उचित कानूनी कदम उठाया जायेगा. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अफवाह समाज में भय और अराजकता का माहौल पैदा करती है. सभी नागरिक जिम्मेदारी का परिचय दें और शांति व कानून–व्यवस्था बनाने में प्रशासन का सहयोग करें.

## गर्मी में बढ़ती अगलगी की घटनाएं, भागलपुर अग्निशमन विभाग अलर्ट



**लोकतंत्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** भागलपुर गर्मी की शुरुआत के साथ ही आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होने लगती है।इसे देखते हुए भागलपुर अग्निशमन विभाग पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

विभाग के अधिकारी और कर्मी 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहते हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके भागलपुर अग्निशमन विभाग के पास फिलहाल चार बड़ी दमकल गाड़ियां और नौ छोटी गाड़ियां उपलब्ध हैं। कंट्रोल रूम में भी चौबीसों घंटे कर्मियों की तैनाती रहती है। जैसे ही आग लगने की सूचना मिलती है तुरंत टीम को मौके पर रवाना कर दिया जाता है हालांकि विभाग के सामने एक बड़ी समस्या फॉल्स कॉल की भी है। विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि कई बार लोग झूठी सूचना देकर दमकल गाड़ियों को मौके पर बुला लेते हैं। जब टीम घटनास्थल पर पहुंचती है तो पता चलता है कि आग लगी ही नहीं है। इससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है और वास्तविक घटनाओं में देरी की आशंका भी बढ़ जाती है। अग्निशमन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे फॉल्स कॉल न करें और केवल वास्तविक आपात स्थिति में ही सूचना दें ताकि समय पर सही जगह मदद पहुंचाई जा सके।

## गृह मंत्री बिहार के सीमांचल दौरा से पहले आदिल हसन ने दागे कई सवाल, कहां सिर्फ घुसपैठ का मुद्दा होगा या विकास

**लोक तंत्र की आवाज**



**सुपौल।** एआईएमआईएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट आदिल हसन ने भारत सरकार के माननीय गृह मंत्री से बिहार के सीमांचल दौरा से पहले दागे कई सवाल। कहां सीमांचल में सिर्फ घुसपैठ का मुद्दा होगा या विकास का आजादी 75 साल बाद भी सीमांचल दिल्ली और पटना में बैठी हुई सरकार नाइंसाफी की। उन्होंने भारत सरकार और बिहार सरकार को कोसते हुए कहा कि एम्पिरिकल डाटा उठा लीजिए, स्वास्थ्य के मामले में एजुकेशन के मामले में स्कूल के मामले में पुल पुलिया के मामले में हर मुद्दे पर सीमांचल फीखा रहा है सीमांचल के साथ नजर अंदाज किया जा रहा है, पटना में पांच मेडिकल कॉलेज सीमांचल में कुछ नहीं, दिल्ली चमक रहा है सीमांचल में कुछ नहीं।

यही पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, अमौर बलरामपुर, कोचाधामन, कदुआ, बरारी बराहरी, मनिहारी को दिखाकर आईएमएफ सामने वर्ल्ड बैंक सामने नीति आयोग के सामने को दिखाकर दिखाया जाता है कि बहुत गुरबत है। सच है कि पूरा पैसा बिहार सरकार का पटना और नालंदा में लगता है, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री नालंदा में लगता है। जंगल सफारी राजगीर में हो रहा है। शिशा का पुल राजगीर में बन रहा है। बेला छपरा में रेल फैक्ट्री खुल रहा है मधेपुरा में रेल फैक्ट्री खुला लेकिन कटिहार पूर्णिया अररिया किशनगंज कब क्या मिलेगा।

आदिल हसन ने प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री से जवाब मांगते हुए मांग की कि सीमांचल में मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की जाए, ताकि स्थानीय युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन न करना पड़े। साथ ही अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के किशनगंज सेंटर के लिए पर्याप्त केंद्रीय फंड उपलब्ध कराया जाए, जिससे वहां शैक्षणिक गतिविधियों का विस्तार हो सके। उन्होंने सीमांचल क्षेत्र के लिए विशेष आर्थिक पैकेज, उद्योगों की स्थापना और रोजगार सृजन के लिए अलग से फंड देने की मांग की। इसके अतिरिक्त, सूरजपुरी समुदाय को केंद्रीय ओबीसी सूची में आरक्षण देने की भी अपील की, ताकि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को न्याय मिल सके। एआईएमआईएम प्रवक्ता ने कहा कि सीमांचल हर वर्ष भीषण बाढ़ की समस्या से जूझता है, जिससे जनजीवन और कृषि दोनों प्रभावित होते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से स्थायी बाढ़ राहत एवं नियंत्रण योजना लागू करने की मांग की।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत सरकार सीमांचल के विकास और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेगी। साथ ही आदिल हसन में सीमांचल क्षेत्र को विशेष दर्जा प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सीमांचल क्षेत्र लंबे समय से शैक्षणिक, औद्योगिक और बुनियादी विकास के मामले में उपेक्षित रहा है, जिसे अब विशेष पैकेज और ठोस योजनाओं के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है।

## मुख्यमंत्री जन-वन योजना एवं अग्नि सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**

**मामलोत सेख**



**साहिबगंज।** वन क्षेत्र कार्यालय, तालझारी में मुख्यमंत्री जन-वन योजना एवं वन अग्नि सुरक्षा के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग द्वारा की गई, जिसमें क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता की।

बैठक में जंगलों में लगने वाली आग से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा वन संरक्षण हेतु जनसहभागिता को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। डीएफओ श्री गर्ग ने अपील की कि जंगल में आग लगने की किसी भी घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दें, ताकि समय पर नियंत्रण संभव हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री जन-वन योजना को जनभागीदारी आधारित महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसे सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो ने ग्राम प्रधानों की सामाजिक भूमिका को रेखांकित करते हुए वन क्षेत्र की निगरानी एवं ग्रामीणों को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे ने वन अग्नि से बचाव एवं आग बुझाने की प्राथमिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। पर्यावरण प्रेमी सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने गीत एवं कविताओं के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया। कार्यक्रम में वन बचाओ समिति के निदेशक दशरथ ठाकुर, वनपाल राणा रंजीत, वनरक्षी पप्पू यादव, अखलेश मरांडी, सुनील कुमार, अंकित झा सहित सभी ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में वन संरक्षण, अग्नि सुरक्षा एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रयास किया जाएगा।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, आत्महत्या या हत्या जांच का विषय: थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**



**बिहपुर/नवगछिया।** बुधवार सुबह करीब सात बजे बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लत्तीपुर पंचायत में एक युवक का शव अमरूद के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अभिषेक कुमार 22 वर्ष, पिता दिलीप यादव, निवासी वार्ड संख्या 12, लत्तीपुर उत्तर पंचायत के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने सुबह पेड़ से शव लटका देखा, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता किसी अन्य मामले में फिलहाल जेल में बंद हैं। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मामले की बारीकी से जांच की। आत्महत्या या हत्या यह तो जांच का विषय है।हालांकि परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए साजिश की आशंका जताई है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि देर शाम तक मृतक के परिजनों द्वारा लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और ग्रामीण भी स्तब्ध हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

## भागलपुर : सात निश्चय 2 एवं सात निश्चय 3 के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा

**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**



**भागलपुर।** भागलपुर के समीक्षा भवन में जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में सात निश्चय 2 एवं सात निश्चय 3 के तहत निर्धारित लक्ष्य एवं किये जा रहे कार्य की गहन समीक्षा की गई। हर खेत सिंचाई की पानी, जिले में चेक डैम का निर्माण, कृषि फीडर लगाना, सोलर लाइट की स्थापना, सुलभ संपर्कता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जा रहे ।

सड़क की स्थिति, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत दी गई ऋण राशि से रोजगार की स्थिति, पेयजल आपूर्ति की स्थिति, स्वच्छ गांव- समृद्ध गांव के तहत किया जा रहे कार्य, हर घर नल का जल की स्थिति, विद्युत शवदाह गृह का निर्माण, जिले में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना, जिला में मेजर स्किल सेंटर की स्थापना सात निश्चय 2 के अंतर्गत की गई। वहीं सात निश्चय तीन के अंतर्गत दोगुना रोजगार- दोगुनी आए के तहत मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत दी गई राशि से अब तक कितनी महिलाओं ने रोजगार शुरू किये इसकी समीक्षा की गई। समृद्ध उद्योग- सशक्त बिहार के अंतर्गत नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, दुग्ध उत्पादन की स्थिति, उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य के अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड में आदर्श विद्यालय की स्थापना की स्थिति, प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना की स्थिति, सुलभ स्वास्थ्य - सुरक्षित जीवन के तहत स्वास्थ्य विभाग में किये जा रहे कार्य की समीक्षा की गई। मजबूत आधार आधुनिक विस्तार के तहत आधारभूत संरचना के अंतर्गत ग्रामीण पथों के निर्माण, खेल के मैदान का निर्माण सबका सम्मान- जीवन आसान के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित सभी पदाधिकारी को दिए गए लक्ष्य के अनुरूप त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री प्रदीप कुमार सिंह, अपर समाहर्ता श्री दिनेश राम, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री राकेश रंजन, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन श्री कुंदन कुमार, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित संबंधित तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे।त निश्चय 2 एवं सात निश्चय 3 के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा।

## भाला प्रक्षेप में धनंजय व मनीषा अव्वल, वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का पांचवां दिन संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**



**बिहपुर /नवगछिया।** पटना स्थित बिहार विद्यापीठ अंतर्गत देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के पांचवें दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाला फेंक, 4x100 मीटर रिले रेस, सैक (बोरा) रेस तथा गोली-चम्मच रेस आयोजित की गई।

कार्यक्रम में बिहार विद्यापीठ के संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य चन्द्रकान्त आर्य ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता का संचालन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका मिताली मित्रा द्वारा किया गया। तकनीकी पदाधिकारी के रूप में मुकेश कुमार, संतोष कुमार एवं अमरजीत कुमार उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. प्रतिमा कुमारी, डॉ. रीना चौधरी, रजनी रंजन, डॉ. शादमा शाहीन, सुधीर पाठक, विकास कुमार, मंजरी चौधरी, कुमारी प्रेरणा, कंचन कुमारी, सौरभ कुमार एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी विनीता कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे।भाला फेंक (पुरुष वर्ग): प्रथम – धनंजय कुमार, द्वितीय – अमितेश, तृतीय – सुनील कुमार।
भाला फेंक (महिला वर्ग): प्रथम – मनीषा कुमारी, द्वितीय – स्मृति कुमारी (बी.एड.), तृतीय – रानी कुमारी।
4x100 मीटर रिले रेस (पुरुष वर्ग): प्रथम – डीएलएड के विक्रम, युवराज, अजीत एवं विकास। द्वितीय – डीएलएड के विशाल, सनी, मिथुन एवं अशरफ। तृतीय – बीएड के वेद प्रकाश, शिवराम, रोहित एवं अमितेश।
4x100 मीटर रिले रेस (महिला वर्ग): प्रथम – डीएलएड की ज्योति, निशु, अंकिता एवं पूजा। द्वितीय – सीमा, अनामिका, अंजलि एवं रिंकी। तृतीय – पूजा, स्मृति, अंजलि एवं रानी।
सैक रेस (पुरुष वर्ग): प्रथम – युवराज सिंह, द्वितीय – शिवराम महतो, तृतीय – विशाल कुमार।
सैक रेस (महिला वर्ग): प्रथम – स्मृति शर्मा, द्वितीय – रिंकी, तृतीय – अंकिता।
गोली–चम्मच रेस (पुरुष वर्ग): प्रथम – कृष्णा, द्वितीय – विकास, तृतीय – युवराज।
गोली–चम्मच रेस (महिला वर्ग): प्रथम – सुप्रिया लक्ष्मी, द्वितीय – मनीषा, तृतीय – सिम्पी गुप्ता।
प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी:मधुबन में शराबबंदी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में शराब बरामद



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुलमा में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई। वहीं फरार अभियुक्त मनीष कुमार पिता अखिलेश साह के घर के दरवाजे से एक स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया गया। वाहन में अवैध रूप से ढोई जा रही थी विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब। कुल 441.9 लीटर विदेशी शराब को पुलिस ने बरामद किया है। जिसमें ऑफिसर चॉइस (तेतरा पैक) के 51 पेटी (2448 पीस) और ब्लेन्डर प्राईड व्हिस्की के 7 पीस (प्रत्येक 180 एमएल)शामिल हैं। साथ ही स्कॉर्पियो रजि. नंबर बीआर 01 पीजी 1884 के चालक कुदरीन अंसारी (उम्र करीब 30 वर्ष, पिता इस्लाम अंसारी,ग्राम सरौना,थाना परोना,जिला कुशीनगर,उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डे ने बताया शराब तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है, पुलिस विभिन्न ठिकानों छापेमारी कर रही है।थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पांडेय के नेतृत्व में यह सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। साथ ही छापेमारी में और भी पुलिस जवान शामिल थे। शराबबंदी को सख्ती से लागू करने की मुहिम तेज कर दी गई है। माफिया पर लगातार शिकंजा कस रहा है मधुबन पुलिस। इस दौरान पुलिस ने चेतावनी दीं है कि अवैध शराब के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। इसमें लिप्त किसी को भी नहीं छोड़ा जाएगा।

### मोतिहारी: अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना द्वारा आगामी होली पर्व को लेकर विधि व्यवस्था बनाएं रखने को लेकर संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर जाएजा लिया गया





**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** दिनांक– 24.02.2026 को अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना,ढाका द्वारा आगामी होली पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था और शांति–व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद ढाका, अपर थानाध्यक्ष, ढाका और थानाध्यक्ष,पचपकड़ी के साथ ढाका बाजार,ढाका नगर अंतर्गत संवेदनशील स्थलों, पांचपकड़ी थाना अंतर्गत गढ़हिया,सपही रूपौलिया गोपी,झिटकही ग्राम के संवेदनशील स्थल का भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। वहीं भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से पूछताछ किया गया और पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की गई। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि होली पर्व के अवसर पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध हैं। अश्लील भोजपुरी गाना नहीं बजेंगे। पकड़े जाने पर विधि सम्मत कारवाई की जाएगी।

# पूर्वी चम्पारण: नवीन राजकीय प्राथमिक विद्यालय अहीरटोली वार्ड नंबर 10 के शिक्षक रमेश प्रसाद के पक्ष में आया फैसला

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** ज़िले के केसरिया प्रखंड अंतर्गत नवीन राजकीय प्राथमिक विद्यालय अहीरटोली वार्ड नंबर 10 के शिक्षक रमेश प्रसाद देंगे योगदान। बता दें कि वें पिछले कुछ सालों से केस लड़ रहे थे। करीब 8 सालों के बाद फ़ैसला उनके पक्ष में आते ही घर परिवार में खुशियां लौट आई है। वहीं जजमेंट आते ही अपने स्कूल के प्रधानाध्यापक को जजमेंट ऑर्डर का एक एवं एक आवेदन कॉपी दें दिए हैं। उसके बाद वें अपने स्कूल में फिर से अपना योगदान देंगे। वहीं आवेदन पत्र में लिखा गया है कि ज़िला प्राधिकार पूर्वी चम्पारण मोतिहारी के न्यायालय में दायर वाद संख्या 91/24-25 में पारित न्यायनिर्णय के आलोक में मेरा योगदान निर्देशित समयावधि में मूल विद्यालय में करने हेतु अनुमति देने के संबंध में। साथ ही आवेदन पत्र को लिखा गया है कि मैं रमेश प्रसाद वर्ष 2006 में ग्राम पंचायत राज कढान के नवीन राजकीय प्राथमिक विद्यालय अहीरटोली वार्ड नंबर 10 का नाम नियोजित शिक्षक हूं। दिनांक 02.04.2007 को वायरस हेपेटाइटिस के गंभीर बिमारी के कारण नियोजन ईकाई एवं कार्यालय को निबंधित डाक से सूचना देकर मैं अवैतनिक अवकाश पर चला गया। उसके बाद नियोजन ईकाई ने इसे नहीं माना और मनमाने तरीके से मेरे सेवा को समाप्त कर दिया। उसके बाद मैं अपना आवेदन सभी तथ्यों के साथ जिला पदाधिकारी पूर्वी चम्पारण मोतिहारी को दिया। यहां से निर्देश मिलने के बाद ज़िला शिक्षा अधीक्षक पूर्वी चम्पारण मोतिहारी ने मेरा योगदान अविलंब कराने हेतु तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी केसरिया तथा पुनः मुखिया अध्यक्ष पंचायत राज़ कढान को दिया। नियोजन ईकाई ने इस आवेदन को नहीं माना। थक हार कर माननीय उच्च न्यायालय पटना में सी डब्लू जेसी नं - 13492/2008 दायर किया। जिसमें दिनांक 16.09.2010 पारित आदेश के आलोक में मैंने जिला अपीलीय प्राधिकार मोतिहारी में वाद संख्या 878/2012 दायर किया। जिसमें दिनांक 20.08.2018 को पारित आदेश के आलोक में तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी केसरिया द्वारा ज्ञापांक 307 दिनांक 29.08.2018 के माध्यम से जो प्रधानाध्यापक को मेरा योगदान करने हेतु आदेशित था। इसके आलोक में मैंने 30.08.2018 को अपने मूल विद्यालय में योगदान करके अपनी सेवा बिना किसी त्रुटी को देने लगा। पटना उच्च न्यायालय एवं विभाग के बीच लगभग 8 वर्षों तक विचाराधीन रहने के कारण तथा मुझे प्रशिक्षण हेतु विभाग से समय नहीं मिलने के कारण प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर सका। और अप्रशिक्षित रह गया जिसमें मेरी कोई ग़लती नही है। उधर प्राथमिक शिक्षा निदेशक बिहार पटना ने पत्र जारी कर सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों का सेवा समाप्त करने संबंधी आदेश जारी कर दिया। जिसके आलोक में नियोजन ईकाई के सचिव ने बिना मेरे पक्ष में विचार किये ही पत्रांक 19 दिनांक 12.07.2023 के द्वारा मेरा सेवा अप्रशिक्षित होने के कारण समाप्त कर दिया। अपने सेवा समाप्ति हेतु जारी इसी पत्र के स्थगन हेतु पुनः माननीय उच्च न्यायालय पटना में 12048/ 2023 याचिका दायर किया। जिसमें दिनांक 19.12.2024 को आदेश पारित कर माननीय उच्च न्यायालय पटना में इस मामले के विचारण के लिए जिला अपीलीय प्राधिकार मोतिहारी में वाद संख्या 91 2024/25 दायर किया। उसके बाद मेरे द्वारा दायर इसी वाद में पारित न्याय निर्णय के आलोक में मैं अपीलीय प्राधिकार द्वारा पारित न्याय निर्णय की छायाप्रति के साथ अपने आवेदन के साथ भवदीय के समक्ष उपस्थित हूं। वहीं उन्होंने प्रधानाध्यापक से विनम्र पूर्वक प्रार्थना किया है कि इस आवेदन पत्र पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर मुझे योगदान देने की अनुमति प्रदान करें।

# चार बीडीओ पर विधायक का गंभीर आरोप




लोकतंत्र की आवाज

**● उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग, मंत्री को लिखा पत्र**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**वाल्मीकिनगर/बगहा।** सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, विधायक वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र, ने चार प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीण विकास मंत्री को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। विधायक ने बगहा-2, पिपरासी, ठकराहा और मधुबनी (पश्चिम चंपारण) के बीडीओ पर सरकारी कार्यों में स्वेच्छाचारिता, वित्तीय अनियमितता की आशंका तथा जनप्रतिनिधियों की अवहेलना का आरोप लगाया है।

**पत्रों का नहीं मिला जवाब:** विधायक कुशवाहा ने 24 फरवरी 2026 को लिखे अपने पत्र में उल्लेख किया है कि उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति और प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों को पत्राचार किया, लेकिन अब तक कोई उत्तर नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि एवं याचिका समिति के सदस्य के पत्रों की अनदेखी प्रशासनिक स्वेच्छाचारिता को दर्शाती है। साथ ही, सरकारी राशि के उपयोग से संबंधित जानकारी साझा न करना संभावित वित्तीय अनियमितता और राशि के दुरुपयोग की आशंका को बल देता है। विधायक का आरोप है कि योजनाओं में गड़बड़ी को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

**जांच समिति गठित करने की मांग:** विधायक ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशैली से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा भी आहत हो रही है। उन्होंने चारों बीडीओ के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने, अनुशासनहीनता के आरोप में कठोर कार्रवाई करने तथा जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित या पद से हटाने की मांग की है।

## मोतिहारी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, सेक्स रैकेट में शामिल 4 महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** मोतिहारी पुलिस के छापेमारी में सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत सिंह के नेतृत्व में डीएसपी कुमारी प्रियंका सहित छतौनी थाना की पुलिस ने की छापामारी। बता दें कि एक सप्ताह के अंदर सेक्स रैकेट के खिलाफ दूसरी बार शहर में हुई छापेमारी। वहीं सेक्स रैकेट चलाने वाला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके निशानदेही पर चार सेक्स रैकेट में शामिल महिला को आपत्तिजनक सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं पुलिस ने बताया कि व्हॉट्सएप ग्रुप से करता था लड़कियों का डील, छतौनी थाना क्षेत्र के अलग अलग जगह से किया गया है गिरफ्तार। वहीं पुलिस ने गहन पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी में जुट गई हैं।

## बगहा में साइबर जागरूकता अभियान, छात्रों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और गेमिंग ऐप से बचाव के दिए गए टिप्स

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** नगर थाना और साइबर पुलिस की संयुक्त पहल पर मंगलवार को बगहा बाजार स्थित प्लस टू डीएम एकेडमी विद्यालय में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साइबर डीएसपी विशाल आनंद ने की। इस अवसर पर नगर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार, विद्यालय के प्राचार्य राकेश यादव, शिक्षकगण एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**ऑनलाइन ठगी और ओटीपी साझा करने से बचने की सलाह:** डीएसपी विशाल आनंद ने छात्रों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग और ओटीपी साझा करने के खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल पेमेंट फ्रॉड से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और बैंक खाता, एटीएम कार्ड या ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने यह भी कहा कि संदिग्ध कॉल या मैसेज मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

**अवैध गेमिंग ऐप और एपीके फाइल से रहें सावधान:** डीएसपी ने विशेष रूप से चेतावनी दी कि व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली किसी भी एपीके फाइल को न खोलें। उन्होंने बताया कि कई गेमिंग ऐप अवैध होते हैं, जिनमें पैसे जीतने के बाद निकासी करने पर खाता फ्रीज या सीज किया जा सकता है।

**सतर्कता और जागरूकता ही बचाव:** उन्होंने जोर देकर कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए सतर्कता और जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। छात्रों से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक रहें और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत करें। विद्यालय के प्राचार्य राकेश यादव ने पुलिस विभाग के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

# 26 फरवरी को जिले में फुल-स्केल मॉक ड्रिल

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बेतिया/पश्चिम चम्पारण।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के तत्वावधान में पश्चिम चम्पारण जिले में भूकम्प आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से बुधवार को टेबल टॉप एक्सरसाइज (फिजिकल) का आयोजन किया गया। इस दौरान 26 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले फुल-स्केल मॉक अभ्यास (फिजिकल ड्रिल) का पूर्वाभ्यास भी किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों, आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों ने आपदा की स्थिति में समन्वय, त्वरित राहत-बचाव और संसाधनों की उपलब्धता को लेकर व्यावहारिक अभ्यास किया। अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि 26 फरवरी को जिले के कुल 7 स्थानों पर एक साथ भूकम्प आपदा से जुड़े परिदृश्य का अभ्यास किया जाएगा, ताकि वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

**जिले में चिन्हित 7 सिमुलेशन साइट**
**बेतिया शहर में 5 स्थल**

* उत्क्रमित उच्च विद्यालय, शेखौना, मोतिहारी रोड
* राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेतिया
* समाहरणालय भवन, बेतिया
* ऑफिसर कॉलोनी, बेतिया
* जूडियो शॉपिंग कॉम्पलेक्स, बेतिया

बगहा अनुमंडल मुख्यालय में 2 स्थल

* विनायक पेट्रोल पम्प, बगहा-01
* फ्लाईओवर, बगहा अनुमंडल कार्यालय के समीप, बगहा-02

इन सभी स्थानों पर भूकम्प से उत्पन्न आपात स्थिति का सिमुलेशन कर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। हवाई अड्डा परिसर बनेगा स्टेजिंग एरिया और राहत केंद्र

मॉक अभ्यास के दौरान सभी आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों, रेस्क्यू उपकरणों, एम्बुलेंस, दमकल वाहनों एवं अन्य संसाधनों के समन्वय हेतु बेतिया स्थित हवाई अड्डा परिसर को स्टेजिंग एरिया घोषित किया गया है। यहीं पर भूकम्प पीड़ितों के लिए अस्थायी राहत केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जहां–

* प्राथमिक उपचार
* भोजन एवं पेयजल
* अस्थायी आवासन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

नागरिकों से अपील: मॉक ड्रिल के दौरान न घबराएं अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) अनिल कुमार सिन्हा ने आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि 26 फरवरी को आयोजित मॉक अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार का पैनिक न फैलाएं। यह पूरी तरह पूर्व-नियोजित अभ्यास है, जिसका उद्देश्य आपदा से निपटने की तैयारियों की जांच करना है। जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## वाल्मीकिनगर में अवैध गन्ना क्रशरों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, चार दर्जन क्रशर चिन्हित, एक क्विंटल काला गुड़ जब्त

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा पुलिस जिले के वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में संचालित अवैध गन्ना क्रशरों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। गन्ना विभाग के निर्देश तथा बेतिया के जिलाधिकारी के आदेश पर ईख पदाधिकारी और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार शाम एवं मंगलवार को ग्रामीण इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चलाया। टीम ने वाल्मीकिनगर, लक्ष्मीपुर, भेड़ियारी और चंपापुर सोनौली क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर जांच की। इस दौरान लगभग चार दर्जन अवैध गन्ना क्रशरों की पहचान की गई। सभी केंद्रों से कुल मिलाकर करीब एक क्विंटल काला गुड़ जब्त किया गया।

**स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है काला गुड़:** छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे ईख पदाधिकारी श्रीराम सिंह ने बताया कि अवैध रूप से तैयार किया जा रहा काला गुड़ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इसका उपयोग अवैध देशी शराब निर्माण में भी किए जाने की आशंका रहती है। इन्हीं कारणों से ईख विभाग और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार, लक्ष्मीपुर-गोनौली क्षेत्र में लगभग 20 क्रशर तथा भेड़ियारी, लक्ष्मीपुर और वाल्मीकिनगर क्षेत्र में करीब 20 अन्य क्रशर चिन्हित किए गए हैं। सभी अवैध क्रशर संचालकों के विरुद्ध अभियोजन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**आगे भी जारी रहेगा अभियान:** अचानक हुई इस कार्रवाई से अवैध क्रशर संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान विभागीय आदेशों और जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाजसेवी लक्ष्मी खत्री को किया सम्मानित, पुलिस सहयोग और मानव तस्करी के खिलाफ उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा/पटना।** नीतीश कुमार ने बगहा की समाजसेवी लक्ष्मी खत्री को पुलिस सहयोग एवं उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान पुलिस सप्ताह दिवस के अवसर पर पटना के मिथिलेश स्टेडियम में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने लक्ष्मी खत्री को प्रशस्ति पत्र एवं 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि भेंट की। राज्य के विभिन्न जिलों से समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कुल 12 व्यक्तियों का चयन किया गया था, जिनमें लक्ष्मी खत्री एकमात्र महिला थीं।

**700 से अधिक लड़कियों को तस्करों के चंगुल से बचाया:** बिहार-नेपाल सीमा क्षेत्र में 'खत्री दीदी' के नाम से प्रसिद्ध लक्ष्मी खत्री पिछले लगभग 30 वर्षों से मानव तस्करी और बाल विवाह के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। वर्ष 1994 से समाज सेवा में जुटी लक्ष्मी खत्री ने अपने मजबूत नेटवर्क तथा पुलिस और एसएसबी के समन्वय से अब तक 700 से अधिक लड़कियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। उनके प्रयासों से सैकड़ों नाबालिग बच्चों और युवतियों की सुरक्षित बरामदगी संभव हो सकी है।

**संगठित अभियान से तस्करी में आई कमी:** लक्ष्मी खत्री ने बताया कि वर्ष 2002 में आईपीएस योगेंद्र गौतम द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाए गए बाल संरक्षण अभियान से जुड़ने के बाद उन्होंने संगठित रूप से कार्य शुरू किया। उस समय सीमा क्षेत्रों से लड़कियों के लापता होने की घटनाएं बढ़ रही थीं। पुलिस के साथ लगातार समन्वय और जागरूकता अभियानों के माध्यम से मानव तस्करी के मामलों में कमी लाने में सफलता मिली।

**चाइल्डलाइन के माध्यम से सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाए बच्चे:** हाल के वर्षों में पटखौली, वाल्मीकिनगर, नौरंगिया थाना क्षेत्र और बगहा रेलवे स्टेशन पर पुलिस एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से कई बच्चों को सुरक्षित बचाया गया। इन सभी बच्चों को चाइल्डलाइन के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। लक्ष्मी खत्री ने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने मानव तस्करी के खिलाफ समाज और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

## विधानसभा के शून्यकाल में गूंजा बगहा की सड़क व पुल निर्माण का मुद्दा

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा (नगर संवाददाता)।** बगहा विधानसभा क्षेत्र की आधारभूत संरचना से जुड़ी समस्याएं बिहार विधानसभा के शून्यकाल में जोरदार ढंग से उठाई गईं। राम सिंह ने पश्चिमी चम्पारण जिला अंतर्गत बगहा क्षेत्र की सड़कों व पुल निर्माण की मांग को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। 24 फरवरी 2026 को शून्यकाल के दौरान विधायक ने बांसगांव मंझरिया पंचायत के ग्राम परसौनी से बजरंग टोला होते हुए ग्राम बुलहा डीह तक सड़क निर्माण तथा हरहा नदी पर पुल निर्माण की मांग सदन में रखी। उन्होंने कहा कि पुल के अभाव में बरसात के दिनों में ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क व पुल निर्माण से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इससे पूर्व 23 फरवरी 2026 को भी शून्यकाल में विधायक ने बगहा विधानसभा अंतर्गत पंचायत बीबी-बनकटवा के ग्राम करबोलाझमझौवा कांटा से एनएच-727 पार कर बसंतपुर होते हुए ग्राम ढरवा तक सड़क निर्माण की मांग उठाई थी। उन्होंने कहा कि जर्जर मार्ग के कारण आमजन को आवागमन में भारी परेशानी होती है। विधायक ने कहा कि जनता की आवाज सदन तक पहुंचाना उनका कर्तव्य है और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं। सरकार की ओर से मामलों को गंभीरता से लेने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### होली को लेकर के जिलाधिकारी ने की बैठक



केदार नाथ पाण्डेय

**भागलपुर।** भागलपुर के समीक्षा भवन में जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में तथा नगर पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में होली त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, तीन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, भागलपुर के सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना अध्यक्ष के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी में अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान जारी रखने, सड़कों पर ब्रेथे इनहेलाईजर से संदिग्धों की जांच करने तथा शराब पीते हुए पाए जाने पर थाने में बंद करने, उत्पाती व्यक्तियों से बॉन्ड डाउन करने या निरोधात्मक कार्रवाई के अंतर्गत होली के दिन थाने में बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी थानों में शांति समिति की बैठक कर ली जाए। बैठक में निर्देश दिया गया कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा । सभी अस्पताल में चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। सिविल सर्जन कोई से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां अपने स्टेशन के पास तैयार हालत में रहेंगे तथा होली के दौरान 112 कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगी। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का पर्व है। कोई भी ऐसी हरकत ना करें जिससे कि दूसरों की भावना आहत हो।

### पीएचसी सिरदला में 13 महिलाओं का सफल बंध्याकरण



प्रदीप प्रसाद संवाददाता

**सिरदला (नवादा):** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में बुधवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड क्षेत्र की कुल 13 महिलाओं का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर बंध्याकरण किया गया। सभी ऑपरेशन सर्जन डॉ. अनुज कुमार द्वारा सुरक्षित तरीके से संपन्न कराए गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन अपनाने से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आती है तथा महिलाओं के स्वास्थ्य की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि छोटे परिवार से सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। शिविर के सफल संचालन में हेल्थ मैनेजर मनोज कुमार सिन्हा, राजमणि कुमार, राहुल कुमार, एफएमओ शोभा कुमारी, परिवार नियोजन परामर्शदाता ओम प्रकाश कुमार तथा एएनएम कुमारी अनुपम सिन्हा, रेखा कुमारी और रिंकू कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने महिलाओं एवं उनके परिजनों को परिवार नियोजन के लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी।

### सदन में उठा रजौली में जनवितरण प्रणाली में अनियमितता का मामला,स्थानीय विधायक ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** रजौली विधानसभा क्षेत्र की सार्वजनिक जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) द्वारा मृत लाभुकों को अनाज दिए जाने से जुड़ा गंभीर मामला सामने आने के बाद सदन में हलचल मच गया है। रजौली के विधायक विमल राजवंशी ने सदन को अवगत कराया कि क्षेत्र में मृत लाभुकों अथवा वास्तविक पात्र लाभुकों के स्थान पर गलत बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण दिखाकर खाद्यान्न का अवैध उठाव किए जाने की बात कही है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक महीने के अंतिम दो से तीन दिनों में माफियाओं के द्वारा ई-पॉस मशीन को हैक कर खाद्यान्न का उठाव कर लेते हैं,जो सरासर गलत है।इस धृणित कार्य से संबंधित क्षेत्र के डीलर भी अनजान है। साथ ही सदन को यह भी अवगत कराया कि ई-पॉस मशीन में फर्जी सत्यापन दर्ज कर सरकारी अनाज का वितरण कागजों पर दिखाया जा रहा है, जबकि वास्तविक लाभुकों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। इस कथित अनियमितता से गरीब और जरूरतमंद परिवारों के खाद्य सुरक्षा अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही सरकारी खाद्यान्न के दुरुपयोग की संभावना भी बढ़ गई है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार से उच्चस्तरीय, स्वतंत्र एवं तकनीकी जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही ई-पॉस सर्वर लॉक और वितरण संबंधी डेटा की विस्तृत ऑडिट शामिल करने की बात कही गई है। उन्होंने यह भी कहा कि दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा प्रभावित लाभुकों को उनका बकाया खाद्यान्न शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। बताते चलें कि यह मामला रजौली विधानसभा क्षेत्र का नहीं,अपितु पूरे जिले सहित सूबे का है।

### निजी विद्यालय संघ का किया गया गठन

लोकतंत्र की आवाज

**विभूतिपुर/समस्तीपुर।** प्रखण्ड अंतर्गत एक निजी विद्यालय में संचालकों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद केट लिए शोभाकांत राय ,सचिव पद के लिए अशोक कुमार,कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ.रमेश कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष श्याम नंदन झा,संयुक्त सचिव राजन कुमार,उप कोषाध्यक्ष ब्रजेश कुमार संयोजक डॉ.विनोद कुमार मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार कॉर्डिनेटर पद के लिए अविता कुमारी,नवीन कुमारअवनीत कुमार मिश्रा और कुणाल कुमार को चुना गया। बैठक में मार्गदर्शन मंडल सदस्य अर्जुन कुमार,विनोद कुमार विनय विंदु महतो,लालाबाबू चौधरी वीणा कुमारी ने सभी पदाधिकारियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

# इंस्टाग्राम पर मिले युवक-युवती, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, जबरदस्ती रिश्ता बनाने से युवती ने किया इंकार

## दोस्तों के साथ मिलकर टांगी से किया युवती पर जानलेवा हमला ,बेहोशी हालत में छोड़कर हुआ फरार

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** थाना क्षेत्र के एक युवती को इंस्टाग्राम पर प्रेम करना भारी पड़ गया। मंगलवार की देर रात प्रेमी ने युवती को जख्मी हालत में सड़क पर छोड़कर भाग खड़ा हुआ। युवती अपने साथ बीती हुई बातों को परिजनों से रोती-बिलखती बताई। परिजनों के द्वारा बुधवार को घायल युवती को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार ने घायल युवती का इलाज किया। उन्होंने बताया कि युवती के दाहिने पैर में दो जगहों पर हड्डियां टूटी हुई है। उन्होंने कहा कि युवती द्वारा बताया गया कि टांगी से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला किया गया था। चिकित्सक ने कहा कि घायल युवती को काफी रक्तस्राव हुआ है,जिससे खून भी काफी कम है। चिकित्सक ने बताया कि घायल युवती का प्राथमिक इलाज कर पावापुरी रेफर किया गया है। वहीं घटना की सूचना पीड़ित परिजनों द्वारा पुलिस बलों को भी दी गई है।



**इंस्टाग्राम से बढ़ी दोस्ती,बनाया गंदा वीडियो:** पीड़ित युवती ने बताई कि बीते 8 माह पूर्व अकबरपुर थाना क्षेत्र के देवरा गांव के छोटू यादव से इंस्टाग्राम से दोस्ती हुई थी।दोस्ती प्यार में तब्दील हुई। बीते 12 फरवरी को युवक और युवती मिलते हैं और युवक द्वारा मोबाइल के माध्यम से कुछ आपत्तिजनक वीडियो बना लिया गया। इसी दौरान पुनः युवक द्वारा बीते मंगलवार की शाम को प्यार का झांसा देकर युवती को मिलने बुलाया गया।

**दोस्तों के साथ संबंध बनाने से इंकार करने पर जानलेवा हमला:** पीड़िता ने कहा कि प्रेमी युवक नवादा की ओर एक सुनसान जगह पर ले गया,जहां पहले से प्रेमी के कुछ दोस्त लोग था। प्रेमी के अलावे अन्य लोगों ने संबंध बनाने का जबरन प्रयास किया, परंतु युवती के द्वारा मना किए जाने पर उनलोगों ने टांगी व अन्य धारदार चीजों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में मेरा दाहिना पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया और ज्यादा मात्रा में खून बहने लगा। युवती के अनुसार मारपीट की घटना लगभग 8 बजे घटित हुई है।

**एमएच हॉस्पिटल में इलाज के बाद सड़क पर छोड़ा:** युवती को बेहोशी हालत में ही एमएच नामक एक निजी अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया और इलाज के बाद युवती को लगभग 11:30 बजे पुनः चारपहिया वाहन की मदद से सड़क किनारे छोड़ भाग खड़े हुए।

**जांच में जुटी पुलिस:** इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही थाने में पदस्थापित पीएसआई सचिन कुमार और एएसआई संजय कुमार को अस्पताल में इलाजरत युवती और उसके परिजनों से आवश्यक जानकारी ली जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू पर जांच कर रही है।

## जिलांतर्गत चयनित स्थलों पर भूकंप परिदृश्य पर आधारित मॉक अभ्यास का आयोजन 26 को



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।**
स्कूल, सदर अस्पताल, जिला खेल कार्यालय, हवाई अड्डा, अन्य पिछड़ा भूकंप आपदा के दौरान विभिन्न हितकारको के द्वारा प्रभावी एवं समन्वित रिस्पॉन्स के उदेश्य से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण न्यू दिल्ली के सहयोग से सहरसा सहित राज्य अंतर्गत अन्य 22 जिलों में भूकंप परिदृश्य पर भौतिक मॉक अभ्यास का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त वर्णित अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सुचारु संचालन बिंदु पर विचार विमर्श हेतु जिलाधिकारी दीपेश कुमार के निदेशानुसार अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन संजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर बताया गया की सहरसा जिलांतर्गत कुल पांच चयनित स्थलों पर 26 फरवरी को पूर्वाह्नः 8:00 बजे से पूर्वाह्नः 9.30 बजे तक भूकंप परिदृश्य पर भौतिक मॉक अभ्यास का आयोजन एनडीआरएफ और एसडीआरएफ अग्निशमन के सहयोग, समन्वय पर्यवेक्षण में किया जाएगा। मॉक अभ्यास हेतु चिन्हित स्थलों में जिला वर्ग बालिका छात्रावास निर्धारित है। आज आयोजित बैठक के दौरान सभी हितकारको यथा सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, एसडीआरएफ, अग्निशमन सहित अन्य संबंधित को भूकंप आधारित मॉक अभ्यास के सुचारु संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारी ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के सम्यक प्रबंधन हेतु नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।आज आयोजित बैठक के दौरान सिविल सर्जन, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, एसडीआरएफ प्रतिनिधि, नगर निगम एवं रेड क्रॉस प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## 18 मार्च को होगा पैक्स और बुनकर समिति का निर्वाचन



लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में पैक्स निर्वाचन, 2026 से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों में होने वाले निर्वाचन की तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पीरपैंती झ 06 समितियाँ, 13 मतदान केंद्र (07 भवनों में), कुल मतदाता 7197, मतगणना टेबल 05। इस प्रकार कुल 64 पैक सामान दो बुनकर समिति का निर्वाचन कराया जाना है। मिलाप बुनकर सहयोग समिति, नाथनगर तथा राजा सिल्क प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लिमिटेड, जगदीशपुर। बैठक में सभी प्रखंडों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश दिए गए।

## डेमरा नदी पर पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों नें विधायक से की मांग

लोकतंत्र की आवाज




**सहरसा संवादाता।**
सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरवार वीरवार पंचायत के वार्ड 14 में डेमरा नदी पर पुल बनाने को लेकर विधायक संजय कुमार सिंह, लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान एवं विधानसभा अध्यक्ष को पत्र देकर अविलंब पूल निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि पूल नही होने के कारण वहां के ग्रामीणों का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह कटा हुआ है। क्षेत्रीय मानचित्र के अनुसार, मुख्य पीडब्लूडी सड़क से बालेश्वर राय के घर के पास से होते हुए एक सड़क डेमरा नदी तक जाती है। नदी के पश्चिमी छोर पर तारणी राय जी का क्षेत्र है, जबकि पूर्वी छोर पर चन्देश्वरी राय का स्थान है। वर्तमान में इस नदी पर पुल नहीं होने के कारण नहरवार मुसहरी टोला और नया नगर मुसहरी टोला के निवासियों को मुख्य पीडब्लूडी सड़क तक पहुंचने के लिए लंबा और कठिन रास्ता तय करना पड़ता है। अतः इस स्थान पर लगभग 100 मीटर लंबे पुल का निर्माण और नहरवार तक की सड़क को दुरुस्त करना जनहित में अति आवश्यक व अनिवार्य है। पुल बनने से स्थानीय टोला सीधे मुख्य सड़क से जुड़ सकेंगे, जिससे स्थानीय निवासियों के लिए शिक्षा, सड़क एवं स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं सुलभ हो जाएगी। इन सभी मुद्दों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष आदरणीय डॉ. प्रेम कुमार को पत्र लिखकर निवेदन किया। हमे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि अध्यक्ष इस विषय को गंभीरता से लेते हुए डेमरा नदी पर पुल निर्माण कर इसे नहरवार के मुसहरी टोला से जोड़ने हेतु सड़क एवं पुल का निर्माण कराने हेतु सदन के माध्यम से आवश्यक धनराशि आवंटित कर कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करवाएंगे।

## गया जी : मां मथुरासानी प्राण-प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, निकली कलश यात्रा

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी।** मां मथुरासानी प्राण-प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, निकली कलश यात्रा । माहुरी वैश्य मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्री श्री 1008 मां मथुरासिनी प्राण-प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के प्रथम दिवस का कार्यक्रम भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ है। पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी रही है। कलश यात्रा माहुरी वैश्य भवन से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा होते हुए पितामहेश्वर पहुंची, जहां से जल लेकर पूजा-संकल्प के साथ पुनः यात्रा आगे बढ़ी है। इसके बाद श्रद्धालु गुरुद्वारा रोड स्थित माहुरी वैश्य मंडल भवन पहुंचे, जहां विधिवत कलश स्थापना की गई हू। कलश स्थापना के पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 3:00 बजे से धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ तथा शाम 7:00 बजे से प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कथा व्यास आचार्य दीपक जी पांडे द्वारा पांच दिवसीय प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रतिदिन जारी रहेगा। कलश यात्रा में गया जी की माता एवं बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। लगभग 800 से 900 धर्मप्रेमियों की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। आयोजकों ने बताया कि पांच दिवसीय इस आध्यात्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पुलिस ने 300 लीटर शराब लदे तीन बाइक किया जब्त, प्राथमिकी दर्ज



लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** थाना क्षेत्र के घने जंगल में अवैध शराब के क्रय, विक्रय, परिवहन तथा भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बलों ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की इस दौरान 300 लीटर देशी शराब एवं 3 बाइक जब्त किया है। वहीं, शराब धंधेबाज पुलिस गिरफ्त से बाहर रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब एवं बाइक को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध शराब का धंधा कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी की और शराब एवं बाइक जब्त किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब के धंधेबाजों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस अवैध शराब के धंधेबाज के बारे में जानकारी ली जा रही है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# ठाकुर अनुकूलचंद्र का 138वां जन्म महोत्सव सह विराट सत्यसंग समारोह का होगा आयोजन, तैयारी तेज

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।**
नगर परिषद क्षेत्र स्थित उच्च विद्यालय मैदान में आगामी एक मार्च को श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का 138वां जन्म महोत्सव सह विराट सत्यसंग समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं और कार्यक्रम स्थल को आकर्षक रूप देने का काम युद्धस्तर पर जारी है। आयोजन स्थल पर विशाल एवं सुसज्जित पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जहां हजारों श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, प्रकाश, चिकित्सा सहायता तथा सुरक्षा की भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया जा सके। समिति के सदस्यों ने बताया कि समारोह में दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सत्यसंग प्रेमियों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, प्रवचन, सत्यसंग, प्रसाद वितरण तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर स्वयंसेवकों की टीम भी गठित कर दी गई है, जो व्यवस्था संभालने में जुटी हुई है।



समिति ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर संत के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की है। जन्म महोत्सव को लेकर आसपास के गांवों एवं शहरवासियों में अभी से उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और श्रद्धालु आयोजन की तैयारियों में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

## आरपीएफ कमांडेंट ने डॉग स्क्वायड की टीम के साथ किया रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।**
आगामी होली पर्व को लेकर आरपीएफ कमांडेंट धनंजय कुमार सिंह सतर्क और सजग हैं। स्थानीय रेलवे स्टेशन सहित अधीनस्थ सभी रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया है। इतना ही नहीं उनके नेतृत्व में डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा संवेदनशील रेलवे स्टेशनों की जांच भी की जा रही है। मंगलवार को उनके नेतृत्व में डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा सहरसा रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। जिसमें सभी प्लेटफार्म, रेलवे ट्रैक, आने जाने वाली ट्रेनों के डिब्बे के साथ प्लेटफार्म पर अवस्थित सभी प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। जिसके अलावे रेलवे परिसर में भी डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा जांच कराया गया था। डॉग स्क्वायड की टीम के साथ चल रहे आरपीएफ कमांडेंट और बल से रेलवे स्टेशन परिसर संवेदनशील लग रहा था। रेल यात्री भी निश्चित होकर यात्रा कर रहे थे। वे आरपीएफ की कार्रवाई की सराहना भी कर रहे थे। कमांडेंट धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि आगामी होली पर्व को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। रेलवे परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। महत्वपूर्ण ट्रेनों की एस्कॉर्ट चल रही है। साथ ही डॉग स्क्वायड की टीम का भी मदद लिया गया है। उन्होंने उम्मीद जाहिर करते बताया कि जिला का इतिहास काफी सुखद रहा है। सभी पर्व आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण मनाया जाता रहा है। सभी पर्व बिना अपराधिक वारदात के संपन्न हुए है।



## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने 7 लोगों से किया साक्षात्कार



लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा दैनिक साक्षात्कार के क्रम में कुल 7 आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। उक्त साक्षात्कार के क्रम में आवेदिका सुमित्रा कुंवर, ग्राम–नारायण, वार्ड नंबर–41, थाना–करवंदिया के द्वारा अवैध केवला एवं जमाबंदी को जांच कर रद्द करने हेतु आवेदन दिया गया। आवेदक अभिषेक प्रसाद चंद्रवंशी, रिंकू मियां, सबनम खातून, मंसूर आलम एवं अन्य के द्वारा भूमि बंदोबस्ती के उपरांत भी आवास बनाने में हो रही परेशानी का समाधान हेतु आवेदन पत्र दिया गया। उक्त दोनों आवेदन पत्रों को शीघ्र निराकरण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक राजेश शर्मा, पिता–बलिराज शर्मा, ग्राम/पोस्ट–देवखेरा, थाना–कोचस के द्वारा भूमि बंदोबस्तधारी को मारपीट एवं प्रताड़ित करने के संबंध में आवेदन दिया गया, जिसे जांच कर अविलंब कार्रवाई करने हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास / अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार शेष सभी शिकायतों/आवेदन पत्रों को संबंधित कार्यालयों/पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार, बाइक जब्त

लोकतंत्र की आवाज

चेनारी। चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है इस क्रम में मिली गुप्त सूचना के आधार पर 30 लीटर महुआ शराब के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार करने में पुलिस को कामयाबी हासिल हुई है एवं शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस संबंध में चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया की चेनारी थाना अंतर्गत कुड़वा स्कूल के सामने सड़क के किनारे दो व्यक्ति 1.कृष्णकांत तिवारी पिता राम गोविंद तिवारी ग्राम सलथूआ थाना चेनारी 2.नारद मुनि कुमार पिता स्वर्ग राम चेला बिंद ग्राम दीघट थाना चेनारी जिला रोहतास एक मोटरसाइकिल पर 30 लीटर महुआ शराब के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम उदिता सिंह द्वारा राजपुर प्रखंड कार्यालय का किया गया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। बुधवार को उदिता सिंह, जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा राजपुर प्रखंड कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर संचालित प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना, जनसेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था।

निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रखंड कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर नागरिक सुविधाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निष्पादित किए जाएं। कार्यालय परिसर में उपस्थित स्थानीय नागरिकों एवं आगंतुकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड-स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजपुर प्रखंड एवं अंचल से जुड़े विकासात्मक एवं प्रशासनिक कार्यों की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने महिला साक्षरता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि यह स्मार्ट फोन का युग है, ऐसे में सभी को स्मार्ट फोन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां होना आवश्यक है, ताकि डिजिटल सेवाओं का अधिकतम लाभ लिया जा सके।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी डेहरी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सवर्ण मोर्चा के बैनर तले जुटी सवर्णों की भीड़ ने दिखाया सवर्णों का मूड

लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा के बैनर तले सवर्ण न्याय महासम्मेलन कार्यक्रम में जुटी बड़ी भीड़ ने सवर्णों का मूड दर्शा दिया है।यूजीसी काला कानून से सवर्णों के बच्चों को डराने/धमकाने/ भगाने की सुनियोजित योजना ने न केवल सवर्णों को एकजुट ही किया है वरन उनका गुस्सा अब सड़कों पर भी दिखने लगा है। सवर्ण न्याय महासम्मेलन का मंच संचालन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रो अमरेश श्रीवास्तव ने कहा कि,आज सवर्ण समाज का अस्तित्व ही खतरे में है। हम सवर्ण समाज ही तो हैं जिसने 565 रियासतों को भारत सरकार को दान देकर अपने देश भारत को सुसज्जित करने में अपनी जानदार शानदार सहयोग किया है और आज हमें ही यूजीसी काला कानून के नाग पाश में बांधा जा रहा है। रविवार 22 फरवरी को विद्यापति भवन में सवर्ण न्याय महासम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह ने मोदी सरकार को ललकारा कि यदि हिम्मत है तो इस ऐक्ट को लागू करके दिखलाओ ! हमारी आबादी एक षडयंत्र के तहत मात्र दस परसेंट ही बताया जाता है जबकि, हम तो भारत में 45/ से ऊपर हैं, हमें सवर्ण छात्रवृत्ति,सवर्ण छात्रावास,सवर्ण योजना,सवर्ण आवास ,सवर्ण न्याय चाहिए. जो हम लेकर रहेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार प्रभारी राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कि, आज समय की मांग है कि सभी सवर्ण समाज एकजुट रहें, समाज पर विपत्ति का समय है।

महिला मोर्चा बिहार की प्रदेश अध्यक्षा माया श्रीवास्तव ने कहा कि यूजीसी का साईड इफेक्ट बिहार में ही नहीं पूरे देश में फिर से गूंज रहा है।90 के दशक जहरीला नारा "भूरा बाल साफ करो" समाज को बांटने वाली सोंच फिर दुबारा सर उठा रही है, देश के लिए ये हालत बेहद खतरनाक है, शिक्षा के नाम पर समाजी जहर मंजूर नहीं माया श्रीवास्तव। श्रीमती श्रीवास्तव ने महिलाओं से कहा अब समय आ चुका है कि महिलाओं को शास्त्र के साथ शस्त्र उठाने से भी पीछे नहीं रहने का संकल्प दोहराया ,अब हमें उन देश की क्रांतिकारी विर महिलाओं ने निडर होकर लड़ाई लड़ी, रानी लक्ष्मीबाई ,बेगम हसरत महल, कॅप्टन लक्ष्मी सहगल, सरोजनी नायडू और भिकाजी कमा इन वीरांगनाओं ने सशस्त्र संघर्ष और अहिंसक आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। आज हम सभी महिलाओं के इन वीरांगनाओं के रास्ते पर चलने की जरूरत आ गई है।

उन्होंने कहा कि इस देश को हम सवर्णों ने सजाया है,लड़े हैं,कटे हैं,जीते हैं और आज हमें ही बाहर का रास्ता दिखलाया जा रहा है जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। अमित श्रीवास्तव, राणा रणजीत सिंह, दीपक शेखावत सहित बड़ी संख्या में समर्थ नारी समर्थ भारत, पुष्पा पाठक, निरु सिंह, सरिता सिंह, रागिनी सिंह, नीलम सिंह, दीप सीखा साधना अरुण, अपर्णा करण इत्यादि ने कहा हम महिलाओं ने संकल्प लिया है। युजीसी कला कानून वापस करवा कर ही रहेंगी और नहीं तो जो नेपाल में युवाओं ने जो किया है वहीं स्थिति स्थिति भारत में भी होगा, वीरांगना सामाजिक संगठन की उपस्थित महिलाओं ने पूनम सिंह के नेतृत्व में अपनी जोशो जुनून वाली धमक दिखलाया। सभा को संजीव सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता , शशिरंजन श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, दीपक सिंह, नीतीश सिंह एस के सिंह, प्रकाश वर्मा, संजय सिन्हा इत्यादि ने अपनी बात रखी।

# सासाराम में तीन दिवसीय प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का रेलवे स्टेडियम में होगा आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




सासाराम। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय, पटना द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सासाराम में तीन दिवसीय प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक रेलवे स्टेडियम, सासाराम (रोहतास) में आयोजित होगा।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें प्रत्यक्ष बाज़ार उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगर जैसे बढ़ई, लोहार, कुम्हार, दर्जी, सुनार, नाई, राजमिस्त्री, मोची एवं अन्य शिल्पकार अपने उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री करेंगे।

मेले में भाग लेने वाले कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन के साथ-साथ ग्राहकों एवं व्यापारियों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त मेले में सरकारी योजनाओं की जानकारी, उद्यमिता परामर्श, वित्तीय सहायता तथा बैंकिंग सेवाओं से संबंधित मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। आयोजन के दौरान पारंपरिक हस्तशिल्प एवं कारीगरी का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को स्थानीय कला एवं शिल्प से परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम में आम नागरिकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। मेले का उद्घाटन उद्घाटन जिला पदाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह द्वारा 27 फरवरी 2026 को किया जाएगा। आयोजन प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा।

कार्यक्रम के समन्वयक श्री घमण्डी लाल मीणा, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय , पटना ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को व्यापक बाज़ार उपलब्ध कराना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने जिले के नागरिकों, उद्यमियों एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में भाग लेने की अपील की है।

# प्रगति यात्रा में घोषित 26.77 करोड़ रुपये की पुल योजना की प्रगति का जिला पदाधिकारी ने किया स्थल निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजना के अंतर्गत रोहतास जिला के नौखा प्रखंड में नौखा–नासरीगंज पथ के द्वितीय कि०मी० पर बक्सर मुख्य कैनाल (श्रीखंडा लघु) पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय आर.सी.सी. पुल एवं पहुंच पथ निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु आज जिला पदाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। यह योजना 26.77 करोड़ रुपये की प्राक्कलित राशि से संचालित है। योजना के कार्यारंभ की तिथि 04.07.2025 है तथा कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 03.07.2027 है। वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता रोहतास, उप विकास आयुक्त रोहतास तथा पुल निर्माण निगम के संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूर्ण किया जाए तथा तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए।

निर्माणाधीन पुल की लंबाई 148.20 मीटर एवं चौड़ाई 12 मीटर निर्धारित है। पुल निर्माण पूर्ण होने के उपरांत आरा–सासाराम पथ, नौखा–विक्रमगंज पथ तथा नासरीगंज–डिहरी पथ पर हल्के एवं भारी वाहनों का परिचालन अधिक सुगम होगा। साथ ही संझौली से राजपुर की दूरी 50 कि०मी० से घटकर लगभग 10 कि०मी० रह जाएगी, जिससे आमजन को समय एवं ईंधन की बचत के साथ आवागमन में अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अभियंताओं को निर्देशित किया कि नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करते हुए प्रगति प्रतिवेदन समर्पित करें तथा किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषित सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उप विकास आयुक्त ने विभागीय समन्वय के माध्यम से कार्य को गति प्रदान करने की बात कही। पुल निर्माण निगम के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तीव्र गति से संपादित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा पुनः स्पष्ट किया गया कि जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परियोजना को समय पर पूर्ण कर क्षेत्र के विकास को नई दिशा प्रदान की जाएगी।

# डालमिया सीमेंट प्रबंधक के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी में स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण

लोकतंत्र की आवाज



■ प्रदूषण, माइनिंग ब्लास्टिंग, खेल का मैदान और रोजगार के मुद्दे पर लोगों में बढ़ा आक्रोश

रोहतास। रोहतास प्रखंड स्थित कल्याणपुर बंजरी के डालमिया सीमेंट फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं, प्रदूषण और खेल के मैदान पर कब्जे को लेकर आसपास के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अब फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री रोजगार देने के बजाय क्षेत्र में प्रदूषण और परेशानियां बढ़ा रही है।

बकनौरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रवि कुमार पासवान, समहुता पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार एवं बंजारी पंचायत के मुखिया अली हसन ने संयुक्त रूप से बताया कि वर्ष 2019 में जब डालमिया सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना हुई थी, तब लोगों को उम्मीद थी कि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और उन्हें दिल्ली, मुंबई व सूरत जैसे महानगरों में पलायन नहीं करना पड़ेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि फैक्ट्री के पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोग प्रदूषण से प्रभावित हो रहे हैं। हवा और जल प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। रवि कुमार पासवान ने बताया कि बकनौरा गांव की आधी से अधिक आबादी मुरली पहाड़ी से निकलने वाले दूषित पानी से परेशान है। उनका कहना है कि माइनिंग अधिकारियों की मनमानी और हैवी ब्लास्टिंग के कारण भी लोगों को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि मुरली पहाड़ी से निकलने वाले पानी का समुचित संचय नहीं होने से क्षेत्र का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। समहुता पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार पासवान ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री प्रबंधन सरकार की गाइडलाइन को दरकिनार कर अपने मनमाने तरीके से प्लांट संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कई बार आंदोलन किए गए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।उन्होंने यह भी बताया कि प्लांट से निकलने वाले दूषित पानी के कारण किसानों की फसल प्रभावित हो रही है। पूर्व जिला पदाधिकारी नवीन कुमार द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन को फटकार भी लगाई गई थी, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।इसके अतिरिक्त, पिछले महीने बच्चों के खेलने वाले मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर भी अधिकारियों से गुहार लगाई गई थी, परंतु उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।इन सभी मुद्दों को लेकर अब स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण संयुक्त रूप से फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर बड़े आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। उनका कहना है कि जब तक प्रदूषण पर रोक और स्थानीय समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**फैक्ट्री प्रबंधन का पक्षः** इस संबंध में डालमिया सीमेंट के अधिकारियों से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन प्लांट हेड द्वारा फोन रिसीव नहीं किए जाने के कारण उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

# सासाराम : श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य रूप से निकाला गया जलभरी शोभायात्रा

लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर भव्य जलभरी एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जलभरी यात्रा श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, फजलगंज से विधिवत पूजन-अर्चन के साथ प्रारंभ हुई और श्रद्धा व उत्साह के वातावरण में सूर्यमंदिर तक पहुंची।

यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं-पुरुषों ने भाग लिया। भक्तों द्वारा जयघोष, भजन-कीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर पुजारी श्री आचार्य जनार्दन दुबे जी महराज के द्वारा किया गया वही इस कार्यक्रम का संचालन हिंदू जागरण मंच रोहतास जिला सह संयोजक कुमार श्वेतांशु , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख क्षितिज सिंह, संदीप सोनी, मुरारी शाह ने किया। वही पूरे कार्यक्रम का मार्गदर्शन नगर के सदस्य श्री रामरूप सिंह, बेचू महतो, तूफानी सिंह, अक्षयबर साह, महेंद्र सिंह खलीफा, हरेंद्र सिंह, संतोष गोंड, मुना सेठ, अशोक सिंह, दीपक चौबे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री गीता घाट बाबा के शिष्य श्री कमलानंद बाबा, ताराचण्डी धाम के पुजारी आनंदगिरि बाबा उपस्थित रहे। नगर के सभी लोग गाजे बाजे के साथ बड़े धूम धाम के साथ सभी ने सनातन का ध्वज लहराया और धर्म की स्थापना हेतु सनातन जागृति जन जन में जगाया। यात्रा को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ता तन मन धन से एकत्रित हो कर के सामाजिक सद्भाव और एकता हेतु लोगों में उत्साह भरा सभी सदस्य कृष्णा कुमार, आशु सिंह, अनूप सिंह, सूरज श्रीवास्तव, छोटे मेहता, पिंटू कुमार, संतोष मिश्रा, सौरभ राज, नवयुवक संघ के सभी कार्यकर्ताओं ने सीताराम नारे से शहर को गूंजा दिया।

ज्ञात हो कि श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ का यह आयोजन आगामी सात दिनोंतक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन कथा प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं 1 को शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा स्थापना अनुष्ठान आदि आयोजित किए जाएंगे। 03 मार्च 2026 को पूर्णाहुति एवं भंडारा के श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन होगा। मंदिर परिवार ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण हेतु उपस्थित होने का आग्रह किया।

# अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 104 वी जयंती मनायी

लोकतंत्र की आवाज

■ ब्राह्मणवाद व सामंतवाद के शोषण के विरुद्ध समाजिक लड़ाई लड़े

नासरीगंज। प्रखण्ड के बभंडी में अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 104 वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेपी सेनानी वशिष्ठ सिंह एवं कार्यक्रम का संचालन श्रीनिवास सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काराकाट सांसद कॉमरेड राजा राम सिंह कुशवाहा उपस्थित हुए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद के विचार गरीब वंचित कमजोर तबके के लिए सदैव ज्योतिपुंज का काम कर रहा है। ब्राह्मणवाद व सामंतवाद के शोषण के विरुद्ध समाजिक लड़ाई के अग्रदूत रहे जगदेव बाबू की शहादत के बदौलत आज राजनीति के शीर्ष पर दलित पिछड़े पहुच पा रहे है। समाजसेवी बबन सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमलोगों को मिलकर जगदेव प्रसाद के विचारों को आगे बढ़ना चाहिए। मौके पर अजय कुशवाहा, लोहिया विचार मंच के संजय यादव, इंद्रेश्वर कुमार, विशाल कुशवाहा, राहुल कुमार, कैशर निहाल, रविकांत, पिंटू कुमार, शशिकांत, कामेश्वर सिंह, छोटू खान, सतीश, भूषण प्रसाद, दीपक पासवान, नंदा पासवान, श्रीनाथ सिंह आदि उपस्थित हुए।

### परदेसियों को नहीं मिल रही घर आने की टिकट, यात्री परेशानी

लोकतंत्र की आवाज

संझौली। होली व अन्य त्योहारों के मद्देनजर परदेस से घर लौटने वाले यात्रियों को टिकट नहीं मिलने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इंडियन रेलवे के बिक्रमगंज टिकट काउंटर पर सुबह से ही लंबी कतारें लग जा रही हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी अधिकांश यात्रियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, काउंटर खुलने से पहले ही कुछ दलाल मोटी रकम लेकर टिकटों की कालाबाजारी कर लेते हैं। आरोप है कि जैसे ही काउंटर खुलता है, कुछ ही मिनटों में अधिकांश सीटें बुक हो जाती हैं, जिससे आम यात्रियों को टिकट नहीं मिल पाता। एक यात्री ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा, "हम उधना से आरा जाने के लिए टिकट बुक कराने के उद्देश्य से कई दिनों से काउंटर का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन जैसे ही काउंटर खुलता है, टिकट फुल होने की बात कह दी जाती है।

# चेनारी: गुप्ताधाम महोत्सव श्रद्धा सस्कृति वर सांस्कृतिक उत्साह का बना भव्य संगम

लोकतंत्र की आवाज



■ एसडीएम डॉ नेहा कुमारी की कार्य कुशलता की हो रही है सभी जगह प्रशंसा

ब्यूरो चीफ/ दिनेश तिवारी

सासाराम। रोहतास जिले के चेनारी में इस वर्ष आयोजित गुप्ताधाम महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति और सांस्कृतिक उत्साह का भव्य संगम बनकर सामने आया। महोत्सव में स्थानीय एवं ख्यातिप्राप्त कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखने और सुनने के लिए हजारों की संख्या में पुरुष एवं महिला दर्शक पहुंचे। यह पहला अवसर था जब गुप्ताधाम महोत्सव में इतनी बड़ी भीड़ देखने को मिली, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सव और भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। एवं ये पहला अवसर था जब महोत्सव की सफलता की कमान महिला आईएएस पदाधिकारीयों के हाथ में था। डीएम उदिता सिंह, सासाराम एसडीएम डॉ नेहा कुमारी, चेनारी बिडिओ प्रियंका एवं सीओ सुश्री पूजा शर्मा। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा लोगों के बीच सासाराम एसडीएम डॉ नेहा कुमारी की हो रही है क्योकि कार्यक्रम की शुरुआत एवं समापन सब उन्हीं के देखकर में सम्पन्न हुआ। लोगों के बीच ये भी चर्चा है कि सभी जिला के अनुसार में इनके जैसे एसडीएम आ जाये तो बिहार की तस्वीर व तकदीर बदलने में देर नहीं लगेगी।

महोत्सव के दौरान दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने के लिए कुर्सियों की समुचित एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी। वहीं सुरक्षा, यातायात एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी पूरी तरह सुदृढ़ रहीं। मंच संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषक रूपम त्रिवक्रम ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार अरविंद अकेला, अंकुश राज, शिवानी सिंह एवं हर्षप्रीत कौर ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। अरविंद अकेला ने 'बिहारी है जी' गीत की प्रस्तुति देकर चेनारी की जनता को बिहारी अस्मिता का गर्वपूर्ण एहसास कराया।

स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाल कलाकारों ने भी भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। विशेष रूप से शिव विवाह की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया और पूरे पंडाल को भक्ति भाव से भर दिया। अपने पसंदीदा कलाकारों की एक झलक पाने के लिए दर्शक पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहित और उत्सुक नजर आए।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर 'दिल दिया है, जान भी देंगे ये वतन तेरे लिए' जैसे देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन रोहतास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति और पर्यटन को एक सूत्र में पिरोने का सशक्त प्रयास साबित हुआ।

इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन संभावनाओं को भी नई पहचान दिलाई। गुप्ताधाम महोत्सव के सफल आयोजन से स्थानीय कलाकारों को एक सशक्त मंच मिला। साथ ही यह भी सिद्ध हुआ कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन विकास और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गरीबी हटाओ में ज्यादातर गरीब हटते हैं गरीबी बढ़ती है



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह। झारखंड ( 2026. 02.25) । 1971 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा आम चुनाव में बुलंद किया था तथा 1980 में या नारा काफी लोकप्रिय हुआ था कि आधी रोटी खाएंगे इंदिरा को बुलाएंगे लोकसभा चुनाव के दरमियान यह नारा यहां तक की बच्चे भी खेल-खेल में बोल दिया करते थे अब जरा यह भी जान ले की जब गरीब रथ नमक रेलगाड़ी चलाने की घोषणा हुई थी तो गरीबों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई थी गरीब रथ नमक रेलगाड़ी एक भी डब्बा जनरल नहीं है जिसका सारा डब्बा एसी है नाम गरीब रथ। चलो यह तो हुई सरकार की बात लेकिन यहां जो एक खास शब्द है गरीबी तो यह भी जान लें 1985 -86 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान गरीबों को आवास देने के उद्देश्य से इंदिरा आवास नामक योजना शुरू की गई थी जिसे अब प्रधानमंत्री आवास के नाम से जानते हैं लगभग 40 वर्ष हो गए आवास योजना की शुरुआत हुई जबकि कुछ वर्षों से झारखंड राज्य में अबुआ आवास योजना भी प्रगति पर है आपने गौर किया होगा की बिस्कुट के पाकेट एवं अन्य कुछ सामान पर 15% 20% फ्री शब्द लिखा हुआ होता है इस विशाल लोकतंत्र में गरीबों की इतनी बड़ी फौज की संख्या घटेगी फिलहाल इसी कोई उम्मीद की किरण नजर नहीं आती है क्योंकि जो भी योजनाएं है वह संबंधित पदाधिकारी द्वारा सही तरीके से धरातल पर उतारा नहीं जा रहा साथ ही साथ जनसंख्या नियंत्रण कानून का इस देश में लागू होना आवश्यक माना जाना चाहिए जिसकी लाठी उसकी भैंस से देश का भला नहीं हो सकता।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक की हुई दर्दनाक मौत दो अन्य घायल स्थिति गंभीर



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गिद्धौर। थाना के अंतर्गत गांगपुर चौक से आगे यादव होटल के आसपास दो मोटरसाइकिल को हाईवा ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनों मोटरसाइकिल सवार लोग गिर गए। जिसमें एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक महिला व एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया है ।ग्रामीणों की मदद से घायल महिला एवं युवक को बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है ।जहां स्थिति गंभीर बताई जा रही है ।वही एक युवक जिसकी मौके पर मौत हो गई ।उसको गिद्धौर थाना प्रभारी शिवा यादव के पहल से 108 एंबुलेंस के माध्यम से गिद्धौर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है ।जबकि पोस्टमार्टम के लिए मृतक युवक को चतरा सदर अस्पताल कागजात परिक्रिया पूर्ण कर भेजा जाएगा। बताते चले कि युवक की पहचान चतरा सदर थाना के जांगी गांव निवासी सच्चिदानंद पांडेय का छोटा पुत्र सौरभ कुमार पांडेय बताया जा रहा है।

### धनबाद: वोटिंग के बाद मतगणना की तैयारी, आरओ ने प्रत्याशियों संग की बैठक



लोकतंत्र की आवाज़
पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ
धनबाद कतरास । धनबाद में नगर निकाय चुनाव में मतदान के बाद मतगणना की तैयारी शुरू हो गई है. मतगणना 27 फरवरी को होनी है. रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने मंगलवार को राजकीय पॉलिटेक्निक, धनबाद के परिसर में समीक्षा बैठक की. बैठक में मेयर पद के उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि व विभिन्न वार्डों के पार्षद प्रत्याशी मौजूद रहे. कई प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों ने मतदान के दौरान बूथ स्तर पर आई तकनीकी व व्यवस्थागत दिक्कतों को रखा. अधिकारियों ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से नोट कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया. अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने बताया कि बैठक में ऑब्जर्वर की उपस्थिति में सभी पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर दिया गया. उन्होंने स्पष्ट किया कि अब तक किसी बड़ी गड़बड़ी की आधिकारिक शिकायत सामने नहीं आई है. उन्होंने कहा कि आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 27 फरवरी को मतगणना होगी. वहीं, वार्ड 18 की प्रत्याशी पुष्पा कुमारी ने कहा कि मतदान के दौरान कुछ समस्याएं सामने आई थीं जिन पर अधिकारियों ने सुधार का भरोसा दिया है. वार्ड 20 की प्रत्याशी नीतू सिंह ने भी जनता के समर्थन पर भरोसा जताया. अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने कहा कि मतगणना पूरी पारदर्शिता व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी.

### विधायक अमित कुमार यादव ने विधानसभा में उठाया चलकुशा स्टेडियम का मुद्दा; सरकार ने प्रक्रिया शुरू होने की दी लिखित पुष्टि




लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड)। षष्ठम झारखंड विधानसभा के पंचम (बजट) सत्र के दौरान बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सदन में चलकुशा प्रखंड में स्टेडियम निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक के द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न के जवाब में सरकार ने लिखित रूप से स्वीकार किया है कि चलकुशा प्रखंड मुख्यालय में स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की नीति के तहत प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में एक प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण कराया जाना है। इसी क्रम में बरकट्ठा विधानसभा के चलकुशा प्रखंड में स्टेडियम की स्वीकृति को लेकर कार्यवाही तेज कर दी गई है। सरकार द्वारा प्राप्त लिखित उत्तर के अनुसार, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने इस संबंध में उपायुक्त हजारीबाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कि हैं। उपायुक्त कार्यालय द्वारा अंचल अधिकारी, चलकुशा से विस्तृत भूमि विवरणी और चेकलिस्ट की मांग की गई है। जैसे ही अंचल कार्यालय से भूमि का प्रस्ताव प्राप्त होगा, बजट उपलब्धता के आधार पर स्टेडियम निर्माण की अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# गिरिडीह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड (2026. 02.25)।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने के पश्चात दिनांक 23.02.2026 को संध्या करीब 05:30 बजे, वार्ड संख्या 18 के बुथ संख्या 18/3 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आजाद नगर अनु० जाति टोला, थाना पचम्बा के मतदान स्थल से लगभग 400 मी० की दुरी पर किसी बात को लेकर एकत्रित भीड़ के बीच बहस एवं आपस में मारपीट, पत्थर बाजी होने लगा।

घटना के संबंध में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर विस्तृत जानकारी साझा की। उक्त घटना को देखते हुये जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा भीड़ को तितर-बितर किया गया। भीड़ में ही शामिल किसी व्यक्ति द्वारा पिस्टल निकाल कर फायरिंग किया गया जिससे दो व्यक्ति को गोली लग गई। भीड से ही लोगों के द्वारा चिल्ला चिल्ला कर कहा गया कि शिवम आजाद एवं उनके सहयोगी के द्वारा ही गोली चलाया गया है। उक्त घटना के संबंध में प्रतिनियुक्त जोनल पेट्रोलिंग सह क्लेक्टिंग पदाधिकारी सेक्टर 9 के द्वारा एक टंकित आवेदन पचम्बा थाना में दिया गया जिसके आधार पर पचम्बा थाना कांड सं0-15/2026, दिनांक 23/02/2026 धारा-191 (2)/191 (3)/190/126/115(2) /117(2)/109(2)/292 बी०एन० एस० एवं 27 आर्मस एक्ट के अन्तर्गत शिवम आजाद एवं अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध कांड दर्ज की गई।

उक्त घटना में घायल मो० शमीम सा० बक्सीडीह रोड, भंडारीडीह थाना नगर जिला गिरिडीह एवं शेरु पिता मो० ईस्लाम के संबंध में रबिना खातुन पति मो० शमाम रैन सा०-बक्सीडीह रोड भंडारीडीह रोड थाना नगर जिला गिरिडीह के टंकित आवेदन के आधार पर पचम्बा थाना कांड सं0-16/2026 दिनांक 24/02/2026, धारा 191(2)/191(3)/190/109(1) /126(2)/351(2)/352/49 बी०एन०एस० एवं 27 आर्मस एक्ट के अन्तर्गत शिवम आजाद उर्फ शिवम कुमार श्रीवास्तव पिता स्व० देवेन्द्र श्रीवास्तव उर्फ बब्लु आजाद, हर्ष श्रीवास्तव, राजकुमार, मंजीत पासवान, राजेश प्रजापति, एकराम अंसारी, विकाश हाडी एवं कई नामजद अन्य सहयोगी तथा 15-20 अज्ञात लोग के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया है।

घटना की संवेदनशीलता एव नगरपालिका चुनाव के पश्चात हुए हिंसक घटना को देखते हुए कांड के त्वरित उदभेदन हेतु जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, गिरिडीह एवं पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुये श्री जीतवाहन उराँव, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर गिरिडीह, के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल (STI) के अन्तर्गत चार अलग-अलग छापामारी टीम का गठन किया गया। साथ ही घटना की गंभीरता को देखते हुये तकनिकी टीम एवं मानवीय सूचना के आधार पर सुनियोजित तरीके से चारो टीमों के द्वारा अलग अलग स्थान पर छापामारी किया गया छापामारी के क्रम में शिवम कुमार श्रीवास्तव उर्फ शिवम आजाद पिता देवेन्द्र श्रीवास्तव उर्फ बब्लु आजाद उम्र 42 वर्ष पत्ता झिंझरी मोहल्ला 02. अमित विश्वकर्मा उम्र 43 वर्ष पित्ता स्व० रामवृक्ष विश्वकर्मा पता नियर कॉग्रेस ऑफिस बक्सीडीह रोड 03 आकाश हाडी उम्र 32 वर्ष पिता लघु हाडी पता झिझरी मोहल्ला सभी थाना नगर 04. मंजीत पासवान उम्र 28 वर्ष 05. किशोर पासवान उम्र 26 वर्ष दोनों पिता स्व० गजाधर पासवान पता आजाद नगर भंडारीडीह थाना पचम्बा सभी जिला गिरिडीह को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार व्यक्तियों के तलाशी के क्रम में कांड में प्रयुक्त 1 एक 7.65 mm का देशी पिस्टल, 2. दो 765 mm जिन्दा गोली बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पता- 01. शिवम कुमार श्रीवास्तव उर्फ शिवम आजाद पिता देवेन्द्र श्रीवास्तव उर्फ बब्लु आजाद उम्र 42 वर्ष पत्ता शिडारी मोहल्ला जिला-गिरिडीह। 02. अमित विश्वकर्मा उम्र 43 वर्ष पिता स्व० रामवृक्ष विश्वकर्मा पता नियर कॉग्रेस ऑफिस बक्सीडीह रोड, गिरिडीह। 03. आकाश हाड़ी उम्र 32 वर्ष पिता लड्डू हाडी पता झिंझरी मोहल्ला सभी थाना नगर जिला-गिरिडीह। 04. मंजीत पासवान उम्र 28 वर्ष पिता स्व० गजाधर पासवान पता आजाद नगर भंडारीडीह थाना पचम्बा, गिरिडीह। 05. किशोर पासवान उम्र 26 वर्ष पिता स्व० गजाधर पासवान पता आजाद नगर भंडारीडीह थाना पचम्बा, गिरिडीह।

बरामद समाग्रियों की विवरणी- 1. 7.65 mm का देशी पिस्टल, 2. 02 7.65 mm जिन्दा गोली, 3. 765 mm जिन्दा गोली (हरिजन टोला, आजाद नगर, गिरिडीह से बरामद), 4. 02 खोखा।

## सिमरिया करमटांड़ जंगल में दुर्घटनाग्रस्त एयर एंबुलेंस को जांच करने पहुंची एएआईबी कोलकत्ता टीम, की पाट्र्स पुर्जे की जांच



लोकतंत्र की आवाज़

■ **रेडबर्ड की टीम द्वारा विमान की मालवा उठाने का कार्य जारी, टीम मालबे को ले जाएंगे दिल्ली**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के कसारी पंचायत अंतर्गत करमटांड़ के जंगल में सोमवार की रात रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए जाने वाली रेडबर्ड एयर एंबुलेंस क्रैश हो गया। इस घटना में सात लोगो की दर्दनाक मौत हो गयी थी। विमान किस कारण से क्रैश हुई इसकी जांच करने मंगलवार को डीजीसीए दिल्ली की टीम द्वारा बारीकी से जांच की गई थी और घटनास्थल से टीम ने अपने साथ ब्लैक बॉक्स, पगूल, इंजन नंबर, एयर एंबुलेंस का दस्तावेज और मरीज को दस्तावेज बरामद कर अपने साथ ले गए थे। जबकि बुधवार को भी एएआईबी कोलकत्ता की टीम दुर्घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद टीम ने स्थल का मुआयना कर जांच शुरू की। पेड़- पौधों का अवलोकन किया। टीम के द्वारा क्षत विक्षत एयर एम्बुलेंस के साथ- साथ उसका एक-एक पाट्र्स पुर्जा की गहनता से जांच की। साथ ही एयर एम्बुलेंस के जहां- तहां बिखरे पड़े अवशेषों की भी जांच पड़ताल की और एएआईबी टीम के जांच कर चली गयी।

**रेडबर्ड एम्बुलेंस विमान की टीम मलबे को ले जाएगी दिल्ली:** विमान दुर्घटना स्थल पर रेडबर्ड एम्बुलेंस विमान की टीम पहुंची। टीम के द्वारा क्षत- विक्षत विमान अवशेषो को इकट्ठा कर रही थी। साथ ही एक जगह पर मलबा और पाट्र्स पुर्जा को रख रही थी। टीम के सदस्यों ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर से सभी समान को उठाकर सिमरिया थाना में ट्रैक्टर के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। इसके बाद वहां से कंटेनर में लोडकर दिल्ली ले जाया जाएगा। रेडबर्ड एयर एम्बुलेंस विमान की टीम को सिमरिया सीओ गौरव कुमार राय, थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह, एमओ संदीप कुमार, एसएसबी के जवान और पुलिस बल सहयोग करने में लगे हुए हैं।

## जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ किया बैठक : एमओ



**लोकतंत्र की आवाज़**
**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गिद्धौर।** प्रखंड परिसर सभागार में बुधवार को जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी जॉन मरांडी ने बैठक किया। जहां कई विषयों पर चर्चा कीया गया ।एवं दुकानदारों को कई दिशा निर्देश एमो ने दिया है। प्रखंड खाद आपूर्ति प्राधिकारी ने सबसे पहले नई मशीन से संबंधित कई जानकारियां दुकानदारों से प्राप्त किया। वहीं सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को समय से अनाज वितरण करने की बात कही है ।किसी भी प्रकार की कटौती न हो इस पर सुधार करने की बात कही है ।तथा ईकेवाईसी सभी कार्ड धारी को कराने की बात कही एमो ने दुकानदार को बैठक में बताएं हैं ।मौके पर प्रखंड से जन वितरण प्रणाली दुकानदार संतोष कुमार सिंह कृष्णा कुमार पासवान महावीर पासवान गुलाबी दांगी राजेश कुमार दांगी एवं प्रखंड के दर्जनों जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित थे।

## एक्सक्लूसिव : धनबाद को हेमंत सोरेन सरकार की सौगात, कतरास के लिलोरी स्थान में 12 एकड़ जमीन पर बनेगा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल

लोकतंत्र की आवाज़



**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने विधानसभा में पेश किए गए अबुआ दिशोम बजट में धनबाद को बड़ी सौगात दी है. सरकार ने 12 एकड़ जमीन पर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल के निर्माण का प्रावधान किया है. इस घोषणा के बाद लंबे समय से लंबित परियोजना को आखिरकार हरी झंडी मिल गई है. इससे धनबाद और आसपास के जिलों की यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा.

**लिलोरी मंदिर के पास बनेगा बस टर्मिनल:** कतरास स्थित लिलोरी मंदिर के पास अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण प्रस्तावित है. एनएच-32 से सटी 12 एकड़ जमीन पर यह आधुनिक टर्मिनल विकसित किया जाएगा. नगर निगम को यह जमीन पहले ही स्थानांतरित की जा चुकी है, लेकिन बजट स्वीकृति के अभाव में योजना अटकी हुई थी. अब बजट में शामिल होने के बाद जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है.

**राष्ट्रीय राजमार्ग से बेहतर कनेक्टिविटी:** जहां बस टर्मिनल बनाया जाएगा, वहां से लगभग चार किलोमीटर की दूरी पर राजगंज स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-2 है. यह राजमार्ग कोलकाता और नई दिल्ली जैसे बड़े शहरों से सीधा संपर्क प्रदान करता है. वहीं, वर्तमान बरटांड़ बस स्टैंड से प्रस्तावित टर्मिनल की दूरी लगभग 20 किलोमीटर होगी. नए टर्मिनल के बन जाने से यातायात का दबाव कम होगा और लंबी दूरी की बसों को शहर के भीड़भाड़ वाले हिस्सों में प्रवेश नहीं करना पड़ेगा.

**आसपास के जिलों को मिलेगा लाभ:** इस अंतरराज्यीय बस टर्मिनल के निर्माण से बोकारो, पुरुलिया समेत आसपास के क्षेत्रों से सीधा संपर्क स्थापित होगा. यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और बसों का संचालन अधिक व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा. इससे क्षेत्रीय परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा और यात्रियों को समय की बचत भी होगी.

**बढ़ेंगी व्यावसायिक गतिविधियां और रोजगार :** टर्मिनल बनने से कतरास, श्यामडीह, काको और राजगंज क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां तेज होंगी. होटल, रेस्टोरेंट, दुकानें और अन्य सेवा क्षेत्र से जुड़े कारोबार को बढ़ावा मिलेगा. इसके साथ ही हजारों लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे. सरकार का मानना है कि यह परियोजना न केवल धनबाद की यातायात व्यवस्था को आधुनिक बनाएगी, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी नई गति देगी. आने वाले समय में यह बस टर्मिनल धनबाद के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में उभरेगा.

## बाल विवाह मुक्ति रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा(झारखंड)।** जिला प्रशासन एवं लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान लोहरदगा संयुक्त तत्वावधान मे बुधवार को जिला मुख्यालय से बाल विवाह मुक्ति रथ रवाना किया गया ।

बाल विवाह मुक्ति रथ को जिले के उपायुक्त कृति श्री, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,जिला सामाजिक सुरक्षा पाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, एसोसिएशन फोर वॉलएंट्री एक्शन के चन्दन कुमार, एवं जिला बाल सरक्षण इकाई के सभी प्रनिधियों द्वारा हस्ताक्षर एवं हरि झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया।

इस मौके पर उपायुक्त कहा कि इस कार्यक्रम से जिले के सभी हित धारकों एवं समुदाय में जागरूकता आएगी साथ जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के क्रम में अग्रसर होगा ।उपायुक्त द्वारा कहा गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है । ये जागरूकता एवं शिक्षा से ही दूर हो सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा बतलाया गया की जिला समाज कल्याण विभाग बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए प्रयासरत है ।इसके लिए जिले के सभी पंचयात मे बाल विवाह मुक्त पंचायत के लिए विशेष सभा कर सभी हितधारको और आमजनों को जागरूक किया जा रहा है जिसमे यह बाल विवाह मुक्ति रथ और भी कारगर साबित होगा।

मौके पर लोहरदगा ग्राम स्वराज्य सांस्थान के प्रोग्राम मैनेजर विक्रम कुमार द्वारा बताया गया कि ये रथ सभी प्रखंडों ,थाने, पंचायत सचिवालय एवं बाजार हाट का भ्रमण कर जागरूक करेगी साथ ही हस्ताक्षर एवं शपथ कार्यक्रम किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन फ़ॉर वोलंटरी एक्शन से चन्दन कुमार लोहरदगा ग्राम स्वराज्य सांस्थान से जिला समन्वयक विकाश कुमार गुप्ता, कार्यकर्ता सीमा कुमारी, शांति देवी और निर्मला कुमारी आदि उपस्थित थे।

## अबुआ दिशोम बजट नहीं, यह झारखंड का बबुआ बजट है: रंजन चौधरी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए अबुआ दिशोम बजट 2026-27 पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इसे दिशाहीन, आधारहीन और महज जुमलेबाजी करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रजत जयंती वर्ष के नाम पर परोसा गया यह बजट असल में बबुआ बजट है, जिसके माध्यम से गठबंधन सरकार ने एक बार फिर झारखंडियों को ठगने का काम किया है। 10% बजट वृद्धि और मध्यम परियोजनाओं का ढोल पीटा जा रहा है, लेकिन वर्तमान बदहाल व्यवस्थाओं को देखते हुए इसके क्रियान्वयन पर गहरा संदेह है।

सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने स्वास्थ्य सेवाओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिला अस्पतालों में मेमोग्राफी और पेट स्कैन की बातें बेमानी हैं, क्योंकि वर्तमान में संचालित बुनियादी स्वास्थ्य ढांचा पूरी तरह चौपट है। हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज में खुद का एक अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन सुविधा भी नहीं कर पाया इसे पीपीपी मोड पर एक प्राइवेट कंपनी को दिया गया है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक ठगा हुआ राज्य के बेरोजगार युवा महसूस कर रहें है, जिससे किए गए 10 लाख नौकरियों के वादे इस बजट में भी कहीं नजर नहीं आते। मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाकर सत्ता में दोबारा आई हेमंत सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के इस बजट से भी युवा, महिला, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग को पूरी तरह निराश किया है। यह बजट केवल आंकड़ों की बाजीगरी है, जिससे राज्य के विकास की नहीं बल्कि केवल सरकार के जनविरोधी मंसूबों की गूंज सुनाई दे रही है ।युवा शक्ति और जनहित की अनदेखी का जवाब आने वाले समय में राज्य की जनता जरूर देगी।

## गांडेय प्रखंड के भंडारीडीह (हटिया) भंडारीडीह गांव में फाइलेरिया रोगी दवा का सेवन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड (2026 .02.25)।** गांडेय प्रखंड के अंतर्गत CHC गांडेय की स्वास्थ्य टीम के समन्वय से HSC ताराटांड़ क्षेत्र में दो स्थानों पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। पहला कार्यक्रम गांव भंडारीडीह (हाटिया) स्थित श्री दुर्गा मंदिर में तथा दूसरा भंडारीडीह गांव में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य — इंद्रदेव वर्मा (VBD कंसल्टेंट), मोहन प्रसाद (BPM), शैलेश कुमार, प्रदीप कुमार रजक (MPW) गांडेय, प्रमिला देवी (SS), प्रियंका देवी (सेविका), मौसमी देवी एवं बेबी देवी (सहिया) उपस्थित रहे।

पिरामल फाउंडेशन से जोनल प्रोग्राम मैनेजर आर्क राज, सौरभ कुमार, अनिल कुमार एवं रितिक कुमार भी मौजूद रहे और सक्रिय सहयोग दिया।

रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों को फाइलेरिया बीमारी और फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूकता वीडियो भी दिखाया गया। जोनल प्रोग्राम मैनेजर आर्क राज ने लोगों को सरल भाषा में समझाया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा खाना बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों को प्रेरित किया और दवा सेवन के लिए जागरूक किया।

यह क्षेत्र पहले से रिफ्यूजल एरिया था, लेकिन टीम के प्रयास से लगभग 65 लोगों को मौके पर ही MDA की दवा खिलाई गई। कार्यक्रम में DA टीम भी उपस्थित रही। सभी के संयुक्त प्रयास से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी और लोगों ने सकारात्मक रूप से दवा का सेवन किया।

## धनबाद सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी : ईमेल मिलते ही खाली कराया गया परिसर, जज समेत सभी लोग बाहर निकाले गए

लोकतंत्र की आवाज़



**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** झारखंड की राजधानी रांची के बाद अब कोयलांचल की हृदयस्थली धनबाद से बड़ी खबर सामने आई है। बुधवार को धनबाद सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला, जिससे पूरे न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, कोर्ट प्रशासन को एक अज्ञात आईडी से मेल प्राप्त हुआ, जिसमें परिसर के अंदर बम होने और उसे विस्फोट करने की बात लिखी गई थी। मेल की सूचना मिलते ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश समेत सभी जजों को तत्काल न्यायालय भवन से बाहर निकाला गया।

एहतियातन पूरे कोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया। उस समय बड़ी संख्या में मौजूद वकील, मुवक्किल और कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकाले गए। अचानक मिली सूचना के बाद कुछ देर के लिए कोर्ट परिसर और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

**डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता तैनात:** धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया। सिटी एसपी, कई डीएसपी और दर्जनों पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। कोर्ट परिसर के सभी प्रवेश और निकास द्वार सील कर दिए गए। बम निरोधक दस्ता, मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया। सुरक्षा बलों ने कोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी शुरू कर दी। हाजत, कोर्ट रूम, रिकॉर्ड रूम और वकीलों के चैंबर तक की बारीकी से जांच की जा रही है। इसी दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल से रिमोट बरामद किया है। हालांकि यह रिमोट किस उपकरण से जुड़ा है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। फिलहाल किसी संदिग्ध विस्फोटक सामग्री के मिलने की पुष्टि नहीं की गई है।

**रांची में भी मिली थी उड़ाने की धमकी:** गौरतलब है कि कुछ दिन पहले रांची सिविल कोर्ट को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। ऐसे में पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि क्या दोनों घटनाओं के पीछे एक ही गिरोह सक्रिय है या यह किसी की सोची-समझी साजिश है। ईमेल भेजने वाले की पहचान के लिए साइबर सेल की टीम सक्रिय हो गई है। मेल की तकनीकी जांच कर आईपी एड्रेस और लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। जब तक तलाशी अभियान पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, तब तक कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

लोकतंत्र की आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजिटल समाचार पत्र


## संक्षिप्त खबरें ।

### चैनपुर में विद्यालय शिक्षा समिति सदस्यों को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण



लोकतंत्र की आवाज
चैनपुर। शिक्षा विभाग के निर्देश पर विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देकर संबंधित कार्यों से मजबूत किया जायेगा। ताकि विद्यालय का संचालन बेहतर हो। और बच्चों को भी इसका लाभ सम्पूर्ण ढंग से मिलें। जिसको लेकर कैमूर जिला के चैनपुर प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय मानपुर बिऊर में गैर आवासीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न की गई है। जिसमें कि विद्यालय शिक्षा समिति के 6 सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मास्टर ट्रेनर के रूप बाबुल शाह ने भाग लिया। इसमें समिति सदस्यों में प्रधानाध्यापक , वरीय शिक्षक, समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं अनुसूचित जाति , जन जाति तथा पिछड़ा वर्ग के सदस्यों शामिल हुए। इन लोगों को विस्तृत रूप से जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्त्रम का संचालन राजेश बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर समन्वयक उमाशंकर राम, अंजु कुमारी, अर्जुन राम, दिवाना हामिद ख़ान, दिवान मुजतबा ख़ान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आखिर कैसे होंगे बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के सपनें साकार : मोहन राम



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ कैमूर। डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त व मेहतर सेवा संघ बिहार के अध्यक्ष मोहन राम नें बड़े ही चिंतन, मनन एवम मंथन करनें के बाद यह कहा है कि भारत के संविधान निर्माता व प्रथम कानून मंत्री बाबा साहेब ₹डॉ भीम राव अंबेडकर के कैसे होंगे सपनें साकार?₹ क्यों कि बिहार ही नहीं वल्कि संपूर्ण देश में खास कर अनुसूचित जातियों में जो सबसे नीचले पैदान के ब्यक्ति हैं, जैसे — मेहतर, डोम एवम वाल्मीकि आदि की मालिहालात काफी दयनीय व चिंतनीय है। श्री राम नें कहा कि नगर निगमों, नगर पालिकाओं, सरकारी संस्थाओं एवम गैर सरकारी संस्थाओं में ठीकेदारी प्रथा से कार्यरत सफाई मजदूरों का कैसे जीवन यापन होता होगा , जिनको मात्र 8 से 10 हजार रुपये मासिक वेतन दिये जाते हों। जो सफाई मजदूर अपनें जीवन में सपनें संजोये बैठे हैं, कि अपने बेटा और बेटी को डॉक्टर, इंजिनयर, प्रोफेसर एवम वैज्ञानिक आदि बनाएंगे और ₹ बाबा साहेब के अधूरे सपनें को साकार करेंगे।₹यह तभी संभव होगा, जब अच्छे विद्यालय में लोगों को तालीम दिया जायेगा लेकिन बिचारा सफाई मजदूर इतनें अल्पवेतन में बेबस व लाचार परिवार को दो जून का रोटी का ब्यवस्था करे या अपने बच्चों को अच्छे से अच्छे विद्यालय में तालीम दे, यह विचारणीय बात है। बाबा साहेब नें कहा था शिक्षित बनों! संगठित हो!! और अधिकार के लिए संघर्ष करो!!! अल्प वेतन के कारण इन गरीबों का सपना वाकई में सपना ही बन कर रह जायेगा। इतना ही नहीं यदि यह गरीब परिवार गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाय तो अर्थाभाव के कारण दवा के अभाव में दम तोड़ देते हैं। श्री राम नें इस लेखनीं के माध्यम से समाज के सभी प्रबुध् साथियों, प्रतिनिधियों, समाजसेवियों नेता गन से गुजारिश किया है कि अपने अधिकार के लिए जागरूक एवम सुसंगठित हों तभी अधिकार प्राप्त किया जा सकता है और बाबा साहेब का सपना साकार होगा।

### कुरकुरे के पैकेटों के नीचे छिपाई थी शराब, उत्पाद विभाग ने यूपी से बिहार आ रही बड़ी खेप पकड़ी, चालक गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
कैमूर । बिहार में शराबबंदी को धता बताने की एक और बड़ी साजिश को उत्पाद विभाग की टीम ने नाकाम कर दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई एक बड़ी कार्रवाई में विभाग ने पिकअप वाहन से 345.6 लीटर अवैध शराब बरामद की है।
कार्रवाई का विवरण: जानकारी के मुताबिक, शराब की यह खेप उत्तर प्रदेश से लाई जा रही थी। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए शराब को कुरकुरे (तरह कोई चीज )के बारे के नीचे के कार्टन के नीचे छिपाकर रखा था। बड़ौरा चेक पोस्ट के प्रभारी कुमार गौरव और टीम सदस्य रणजीत कुमार ने सूचना मिलते ही मोर्चा संभाला।
लोकेशन: मंगलवार की रात रामगढ़ थाना क्षेत्र के खोरहरा रोड स्थित आईबी गेट के पास नाकेबंदी कर पिकअप को रोका गया। सघन तलाशी के दौरान कुरकुरे के पैकेट हटाते ही नीचे से विदेशी शराब की खेप मिली। पुलिस ने मौके से पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है और चालक को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार चालक की पहचान अंकित कुमार रोहतास जिले के गोपालपुर के निवासी के रूप में हुई है। ₹गुप्त सूचना के आधार पर यह त्वरित कार्रवाई की गई है। फिलहाल वाहन को जब्त कर चालक से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी प्रिक्रया जारी है।— कुमार गौरव, प्रभारी, बड़ौरा चेक पोस्ट

### भभुआ महिला कॉलेज में इग्नू रीजनल सेंटर पटना की ऑनलाइन बैठक, 28 तक नामांकन की अंतिम तिथि

लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। भभुआ स्थित शहीद संजय सिंह महिला कॉलेज में बुधवार को इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) के रीजनल सेंटर पटना द्वारा क्षेत्रीय निदेशक डॉ. आशिफ इकबाल की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय केंद्र से संबद्ध सभी अध्ययन केंद्रों के समन्वयक वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक में क्षेत्रीय निदेशक ने विद्यार्थियों को सुदृढ़ एवं प्रभावी स्टूडेंट सपोर्ट सर्विस उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने जानकारी दी कि जनवरी सत्र 2026 के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते नामांकन सुनिश्चित करने की अपील की गई। इसके बाद जुलाई सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। रजिस्ट्रार श्री ओझा ने लंबित बिलों और अन्य वित्तीय मामलों के निष्पादन की प्रिक्रया विस्तार से बताते हुए अध्ययन केंद्रों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। अध्ययन केंद्र 05174, भभुआ के समन्वयक डॉ. राजन ने असाइनमेंट अंकों के अपलोड में आ रही तकनीकी समस्याओं का मुद्दा उठाया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीलू ने प्रस्तुत किया। बैठक सकारात्मक व रचनात्मक वातावरण में संपन्न हुई।

# आदर्श बालिका +2 उच्च विद्यालय में इंटर की छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई; सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मोहा मन





**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर ।** आदर्श बालिका +2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की इंटरमीडिएट की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार, डीपीओ (स्थापना) शम्भू कुमार, सांसद प्रतिनिधि सह राजद नेता अजीत कुमार सिंह, विद्यालय संस्थापक हरिद्वार सिंह, बीईओ शहजाद अंजुम एवं कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार, विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार सिंह , प्रधानाध्यापक हरिदास शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतिः 'चेती छठ' की दिखी छटाः** विदाई के इस भावुक क्षण में विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विशेष रूप से 'चेती छठ' महापर्व पर आधारित छात्राओं की प्रस्तुति ने अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। लोक संस्कृति और आस्था के इस प्रदर्शन की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की।

**जिला शिक्षा पदाधिकारी के संबोधन के मुख्य बिंदुः** छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार ने भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। उनके संबोधन की मुख्य बातेंः छात्राएं अपनी क्षमता के अनुसार नीट, इंजीनियरिंग या अन्य प्रोफेशनल कोर्स का चुनाव सोच-समझकर करें।

सफलता का मंत्रः यदि प्रयास सही दिशा में हो, तो जीवन में कुछ भी हासिल करना असंभव नहीं है। स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर और शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्राचार्य अनिल कुमार सिंह के व्यवस्थित प्रबंधन और प्रयासों की उन्होंने विशेष प्रशंसा की।

**भावुक विदाई और संकल्प :** विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्राओं को जीवन के अगले पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्थापक हरिद्वार सिंह ने छात्राओं को शुभाशीष देते हुए कहा कि बेटियाँ ही समाज और देश का नाम रोशन करती हैं। इस अवसर पर इंटरमीडिएट की छात्राओं की आँखों में विद्यालय छोड़ने की कसक और भविष्य के सुनहरे सपनों की चमक साफ देखी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## चैनपुर में 28 फरवरी को मनेगा विराट हिन्दू सम्मेलन




**लोकतंत्र की आवाज**
**चैनपुर (कैमूर)** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा कैमूर जिला के चैनपुर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा। जो कि 28 फरवरी को चैनपुर नगर स्थित श्री हरसू ब्रह्म धाम के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चैनपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने दी। उन्होंने कहा यह कार्यक्त्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निर्देश पर तैयारी शुरू कर दी है। जिसको सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का लोगो से अपील किया गया है। कामेश्वर सिंह ने बताया कि इसमें प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका तनु श्री के द्वारा भजन गायन होगा। जिला से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई वरिय अधिकारी भाग लेंगे। हिन्दू समाज को जगाने का काम करेंगे। जिसमें कि संघ के अधिकारी पांच परिवर्तन अर्थात समाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध पर्यावरण एवं नागरिक कर्तव्य विषय पर बोध करेंगे। इसका आयोजक संकल हिन्दू समाज चैनपुर होगा।

## कैमूर को 'धान का कटोरा' तो कह दिया, पर शिक्षा का अधिकार कब?

**लोकतंत्र की आवाज**

**दुर्गावती।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान रामगढ़ के विधायक सतीश कुमार सिंह यादव ने कैमूर जिले की कृषि उपेक्षा का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। विधायक ने दुर्गावती प्रखंड के अवर्हिया मौजा में स्थित 30 एकड़ सरकारी कृषि फार्म की जमीन पर कृषि महाविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव रखा।

**विधायक के तर्कः दिल्ली तक महकता है यहाँ का चावलः** विधायक ने सदन को याद दिलाया कि कैमूर जिला अपनी उपजाऊ मिट्टी के कारण 'धान का कटोरा' कहलाता है। यहाँ का विशिष्ट 'मोकरी-बेतरी' चावल अपनी खुशबू और स्वाद के लिए दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों तक प्रसिद्ध है। उन्होंने पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से तुलना करते हुए कहाः



यूपी का गाजीपुरः सीमा से सटे गाजीपुर जिले में 3 कृषि महाविद्यालय हैं।

बिहार का कैमूरः इतनी विशाल कृषि अर्थव्यवस्था होने के बावजूद छात्र उच्च कृषि शिक्षा के लिए भटकने को मजबूर हैं।

"जब संसाधन मौजूद हैं और आवश्यकता स्पष्ट है, तो कैमूर के युवाओं को उनके हक से वंचित क्यों रखा जा रहा है?" – विधायक

**सरकार का रुखः "फिलहाल कोई योजना नहीं":** कृषि मंत्री ने विधायक के प्रस्ताव का जवाब देते हुए तकनीकी पक्ष रखा। सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया किः

**■ विधानसभा में गूँजी कृषि महाविद्यालय की माँग; विधायक ने गिनाए तर्क, सरकार ने फिलहाल झाड़ा पल्ला**

जमीन की व्यस्तताः अवर्हिया मौजा के 10 हेक्टेयर फार्म में से 8 हेक्टेयर का उपयोग बीज उत्पादन (खरीफ, रबी, गरमा) के लिए हो रहा है, जो किसानों की आय बढ़ाने के लिए जरूरी है।

निकटवर्ती संस्थानः सरकार का तर्क है कि पड़ोसी जिले भोजपुर (आरा) और बक्सर (डुमराव) में पहले से कृषि महाविद्यालय संचालित हैं।

कृषि विज्ञान केंद्रः कैमूर में मौजूद कृषि विज्ञान केंद्र को किसानों की तकनीकी मदद के लिए पर्याप्त माना जा रहा है।

## मोहनिया में पुलिस सप्ताह पर क्रिकेट मैच का आयोजन, पुलिस टीम 79 रन से जीती मैच

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहनिया।** जगजीवन मैदान में बुधवार की दोपहर बिहार पुलिस सप्ताह के अवसर पर पुलिस टीम और पत्रकार टीम के बीच फ्रैण्डली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जो शाम तक चला।इस रोमांचक मुकाबले में पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 79 रन से जीत दर्ज की।

मालूम हो की टॉस पुलिस टीम ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मैच 12—12 ओवर का खेला जाना था, जहा 12 ओवरों में पुलिस टीम ने 2 विकेट खोकर 163 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार टीम 12 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 84 रन ही बना सकी।इस तरह पुलिस टीम ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। पुलिस टीम की कप्तानी मोहनिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने की। जबकि पत्रकार टीम का



**■ अनुमंडल प्रशासन और पत्रकार के बीच हुआ क्रिकेट मैच**

नेतृत्व अजय कुमार ने किया.मैच के दौरान मैदान में दर्शकों की अच्छी—खासी भीड़ जुटी हुई थी, जहा लोगों ने खेल का भरपूर आनंद उठाया।समापन अवसर पर मोहनिया एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया. साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों को भी मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया।

इस मौके पर मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार निर्झर, पत्रकार अजित पांडेय, राकेश सिंह, विनोद कुमार सिंह, इब्राहिम, मनोज कुमार, जलाउद्दीन, सोनू तिवारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं पत्रकार मौजूद रहे।

## होली में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध शांति समिति की बैठक में दिया गया निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को भभुआ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ल ने की। इस दौरान एसडीएम अमित कुमार, एसडीपीओ मनोरंजन भारती, बीडीओ सतीश कुमार तथा प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सहित विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ 4 मार्च को मनाए जाने वाले होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।

अध्यक्षता करते हुए एसपी ने कहा कि भभुआ अनुमंडल क्षेत्र में दोनों समुदायों के लोग हमेशा मिलजुल कर पर्व—त्योहार मनाते आए हैं और इस परंपरा को आगे भी कायम रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने शांति समिति के



सदस्यों से असामाजिक तत्वों, बदमाशों एवं समाज में वैमनस्य फैलाने वालों की सूचना तुरंत प्रशासन को देने का अनुरोध किया। एसडीपीओ ने बताया कि होली के मद्देनजर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। अनुमंडल क्षेत्र में लगभग सौ संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है, जहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। भभुआ शहरी क्षेत्र में देवी मंदिर सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर सादे लिबास में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। गश्ती दल लगातार भ्रमण करेगा और शांति भंग करने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डीजे पर प्रतिबंध को प्रभावी रखने, शराब पीकर हुड़दंग करने वालों को जेल भेजने तथा विभिन्न चौक—चौराहों पर पानी व निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठी, जिस पर प्रशासन ने सकारात्मक आश्वासन दिया। बैठक में ओम प्रकाश गुप्ता, बिरजू पटेल, दीनानाथ गिरी, अजय सिंह, भानु सिंह, लियाकत अंसारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भभुआ : संत शिरोमणि सुपन सुदर्शन महाराज जी का भव्य महोत्सव

**लोकतंत्र की आवाज**

**विनोद कुमार राम**
**भभुआ कैमूर।** युवा समाज सेवा टीम मोहनियां के तत्वाधान में संत शिरोमणि सुपन सुदर्शन महराज जयंती समारोह राजकीय कृत मध्य विद्यालय मुठानी के खेल मैदान में मनाया गया।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय डोम महासभा के संस्थापक सह मोहनिया विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रंजीत डोम ने कहा कि संत शिरोमणि सुपन सुदर्शन महराज महाभारत काल में द्रोपदी ने व्यंजन करने के दौरान उन्हें नीचे कहने पर उसका अंजाम भी भुगतना पड़ा। उन्होंने अपने समाज को कहा कि पाप कोई और करें सज़ा कोई और भुगतें। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि



जो समाज अशिक्षित होता है वह समाज हमेशा गुलाम रहता है।

उन्होंने अपने समाज को आव्हान किया कि मरनी में मृत्यु भोज अपने बेटे बेटी एवं पत्नी को खानें दें। शिक्षा के प्रति बल दिया। उक्त मौके पर पुजारी राजेश डोम, निरहु कुमार, अयोध्या कुमार, राजू डोम, दिवाना कुमार, गोविन्दा कुमार, दिनेश कुमार, छत्रि कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा समाज सेवा टीम मोहनियां के अध्यक्ष दीवाना कुमार एवं संचालन सचिन कुमार ने किया।

## एनएच पर तेज रफ्तार ने छीनी जिंदगी, सड़क पार कर रहे बाइक सवार जीजा साला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, जीजा की मौत, साला गंभीर रूप से घायल

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहनिया ।** कुदरा में सकरी के पास बुधवार की रात एनएच 19 सड़क पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल रिश्ते में जीजा साला बताए जा रहे है। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घायलों को प्राइवेट एंबुलेंस से मोहनिया के अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां जीजा की मोहनिया पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई, वहीं साला का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान रोहतास जिले के करगहर थाना अंतर्गत बैसपुरा गांव निवासी स्वर्गीय शिव मंदिर राय का

**■ प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर**



43 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार राय और घायल शिवसागर थाना अंतर्गत पड़री गांव निवासी स्वर्गीय सिघासन पटेल के 36 वर्षीय पुत्र मुन्ना पटेल के रूप में हुई है।

मृतक के बड़े भाई सरोज कुमार राय ने बताया की मेरा छोटा भाई बाइक से अपने साला के साथ बाजार करने कुदरा आये हुए थे और बाजार कर सकरी के पास सड़क पार कर रहे थे तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उनके बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आनन—फानन मे प्राइवेट एम्बुलेंस से मोहनिया के अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने जांच कर मनोज कुमार को मृत घोषित कर दिया, वही मुन्ना पटेल की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिए।परिजनो ने मोहनिया पुलिस को सूचित किया, सूचना पाकर पुलिस अनुमंडल अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में कर कागजी प्रिक्रया पुरी करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया।

इस संबंध में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर दीपाक कुमार ने बताया की सड़क दुर्घटना में दो लोगों को लाया गया था जिसमें एक की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी वहीं दुसरे की स्थिति गंभीर थी, हेड इंजरी था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बुधवार की सुबह फोन पर बताया की सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई है, वही एक गंभीर रूप से घायल था, जिसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है, हमने शव को कब्जे में कर कागजी प्रिक्रया पुरी करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पीरपैंती : ट्रेन से गिरकर युवक की मौत



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती मिर्जाचौकी की बीच कटवा पहाड़ के समीप साहिबगंज दानापुर अप इंटरसिटी से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ओलापुर निवासी स्व भगवान तांती के पुत्र शंभू तांती के रूप में हुई। पीरपैंती थाना पुलिस और रेल पुलिस शव को कब्जे मे लेकर अग्रतर कारवाई कर रही है।

### शादी में हर्ष फायरिंग, युवक गिरफ्तार: पुलिस ने लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद कर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया



लोकतंत्र की आवाज
उरई । जालौन के सिरसाकलार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी को लाइसेंसी रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार किया यह घटना 15 फरवरी 2026 को ग्राम न्यामतपुर स्थित दृश्या गेस्ट हाउस में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान हुई थी। युवक द्वारा रिवॉल्वर से फायरिंग किए जाने का वीडियो तेजी से प्रसारित हुआ, जिसके बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान प्रभात रंजन उर्फ रवि पुत्र स्व. हरनारायण पाल निवासी ग्राम अमगुवाँ, थाना कोतवाली उरई के रूप में हुई। सिरसाकलार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद: पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद की है। उसके खिलाफ थाना सिरसाकलार में मुकदमा अपराध संख्या 13/26 धारा 25 (9)/30 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि शादी या अन्य समारोहों में हर्ष फायरिंग पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट में नामजद आरोपित गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
सहार। चौरी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बाबूबांध गांव से मारपीट के एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव निवासी फुलेंद्र महतो के पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, बीते शनिवार को गांव में शशिकांत सिंह की पुत्री की शादी थी। समारोह के दौरान आरोपित की ओर से हंगामा किया जा रहा था। परिजनों की ओर से मना करने पर उसने मारपीट कर दी। घटना के बाद परिजनों ने आरोपित के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# श्रीमद्भागवत कथा अमृत तुल्य, मानव तन अमूल्य : आगमानंद जी महाराज





**लोकतंत्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती, सुंदरपुर कृषि फॉर्म शाखा मैदान में स्वामी आगमानंद महाराज के सानिध्य में श्री श्री 1008 महारुद्र यज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस बुद्धवार कथा स्थल भक्ति मय हो गया।पीठाधीश्वर स्वामी आगमानंद जी महाराज ने बताया कि भक्ति से मुक्ति, मोक्ष, ईश्वर की प्राप्ति होती है। भगवान की महिमा अपरंपार है।ईश्वर की महिमा कोई जान, समझ नहीं सकता है।

कथा प्रसंग में बालक प्रहलाद की की कथा का वर्णन करते हुवे कहा कि बालक बालक प्रहलाद असुर राज हिरण कश्यप का पुत्र और भगवान विष्णु का परम भक्त था।लेकिन हिरणकश्यप चाहते थे कि मेरा पुत्र भगवान विष्णु का भक्ति न करें, मेरा गुणगान करें। पिता ने प्रहलाद को भगवान भक्ति से रोकने के लिए बहुत कोशिश की। जहां तक की पर्वत पर से फेकवेज ,हाथी के पैरों से कुचलवाने कोशिश किया, सांपों के बीच छोड़ा, लेकिन प्रहलाद के अटूट भक्ति के कारण भगवान विष्णु नरसिंह का अवतार लेकर हिरन कश्यप का वध किया। भक्त प्रहलाद की रक्षा की। इससे प्रतीक होता है कि भगवान भक्त के बस में होते हैं और सत्य की विजय होती है।स्वामी आगमानंद जी महाराज ने ईश्वर प्राप्ति का साधन तपस्या के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण के श्रवण की महिमा का आख्यान भी संगीत मय प्रस्तुति के साथ किया।

ज्ञात हो कि यज्ञाचार्य पंडित अनिरुद्ध शास्त्री के नेतृत्व में वैदिक विद्वानों द्वारा कराए जा रहे हवन पूजन से क्षेत्र में वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मुख्य जजमान राज आनंद, सिंपी कुमारी, अनिल कुमार साह, रेखा देवी, पप्पू मंडल, श्वेता देवी सहित अन्य यजमान हवन पूजन में लगे रहे।

रात में वृंदावन से संतोष आचार्य के नेतृत्व में आई रामलीला मंडली के द्वारा मारीच बद्ध, ताड़का बद्ध भक्ति लीला का संगीतमय प्रस्तुति दी गई।जिसे देखने लोगो की भीड़ देर रात तक डटी हुई थी।

प्रमुख रश्मि कुमारी, स्वामी शिव प्रेमानंद महाराज, स्वामी मानवानंद महाराज, कुंदन बाबा, स्वामी तत्वानंद, यज्ञ समिति के अध्यक्ष पप्पू साह, सचिव रंजीत पासवान, उपाध्यक्ष गुंजन साह, उपसचिव अनिल राय व ऋषिकेश सिंह, कोषाध्यक्ष रोहित पासवान, उप कोषाध्यक्ष सूरज कुमार, अजय तांती, रविन्द्र पासवान, गुड्डू तांती, प्रदीप पासवान, कमलेश कुमार, अरविंद पासवान, श्रवण कुमार, कुशल राज आदि नेतृत्व कर रहे थे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित सहित वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया



**लोकतंत्र की आवाज**

**उरई।** उरई कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की गई प्राप्त जानकारी के अनुसार वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली उरई पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त उबेश खाँ पुत्र लतीफ खाँ नि0 मो0कबीरनगर (अथाई) उरई जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

## जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए : माधौगढ़ खण्ड बीडीओ संदीप मिश्रा

**लोकतंत्र की आवाज**



**माधौगढ़ (जालौन)।** विकास खण्ड माधौगढ़ खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार मिश्रा ने विकास खण्ड क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों के साथ समीक्षा बैठक कर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

खण्ड विकास अधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड से गरीब व जरूरतमंद परिवारों को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ मिलता है, इसलिए कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित न रहे। इसके साथ ही उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री को शत—प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं, अनुदान, बीमा व अन्य सरकारी लाभ सीधे मिलते हैं। सभी सचिवों को अपने—अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में किसानों का पंजीकरण शीघ्र पूरा कराने को कहा गया। खण्ड विकास अधिकारी ने फैमिली आरडी योजना के प्रचार—प्रसार पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि फैमिली आरडी से ग्रामीण परिवार छोटी बचत के माध्यम से भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं, इसलिए अधिक से अधिक परिवारों को इससे जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने पात्र लाभार्थियों का सत्यापन कर शीघ्र आवास स्वीकृति व निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही मनरेगा के तहत अधिकाधिक रोजगार सृजन, कार्यों की गुणवत्ता और मजदूरों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

गौशालाओं की व्यवस्था को लेकर खण्ड विकास अधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गौशालाओं में साफ—सफाई, चारा, पानी, पशु चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अंत में उन्होंने सभी सचिवों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिए नियमित फील्ड विजिट, जनसुनवाई और प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए। बैठक में संबंधित विभागों के कर्मचारी व ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## बनासो के दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मे होली मिलन समारोह का आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत तथा हास्य-व्यंग्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रशिक्षुओं ने पारंपरिक लोकगीतों और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा " ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं।"

कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।उपस्थित रहनेवालों में आई०क्यू०ऐ०सी० कॉर्डिनेटर एवं एन०एसएस० कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० कुमारी स्वर्णा मिश्रा, H.O.D बबली कुमारी, डॉ०ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद यादव, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कु० दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, सीमा, अजीत कुमार भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पुनम हेमब्रम, राहुल आजाद ,नाजरा, सुनीता, बी०एड० एवं डी०एलएड० के सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन, जालौन में कलेक्ट्रेट पहुंच पीएम को ज्ञापन भेजा

**लोकतंत्र की आवाज**



**उरई ।** जालौन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को ज्योर्तिमठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थन में प्रदर्शन किया। उरई स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेसियों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (ाकफ) से देशभर के श्रद्धालुओं और आम नागरिकों में चिंता व असंतोष है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए, ताकि सत्य सामने आ सके और न्याय सुनिश्चित हो। कांग्रेसियों ने यह भी मांग की कि जिन व्यक्तियों ने शंकराचार्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है, उनकी पृष्ठभूमि, परिस्थितियों और संभावित उद्देश्यों की भी गहन जांच होनी चाहिए। उनका तर्क था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी धार्मिक या सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित व्यक्ति के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई विधिसम्मत और पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि समाज में शांति, सौहार्द और आपसी विश्वास बना रहे।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्वक अपनी बात प्रशासन के समक्ष रखी और उच्चस्तरीय जांच कर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया। सिटी मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए उसे संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी श्याम सुंदर, राजेश प्रजापति, कुंवर सिंह कुशवाहा, दुलीचंद विश्वकर्मा, मुन्ना खान, हीराचंद हौसला, मुख्तार, सुमित सम्राट, देवेंद्र, बाबू सिंह, आशीष सिंह बुंदेला सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पांच दिवसीय प्रतिक्षण सह दीक्षांत समारोह संपन्न

**लोकतन्त्र की आवाज**



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** भारत स्काउट और गाइड पांच दिवसीय प्रशिक्षण का दीक्षांत सह समापन समारोह मध्य विद्यालय हरदेवचक में आयोजित किया गया।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रभाकर पासवान, वरिष्ठ शिक्षक नीरज कुमार, रेणु कुमारी, साहित्यकार हरेराम निराला, स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद, अलका वर्मा ,आशीष आनंद और रंजन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किय।60 बच्चों को स्कार्फ, बैज, बागल देकर सम्मानित किया गया।जिलाप्रशिक्षक मुकेश आजाद ने बच्चों को नीले झंडे तले दूसरों की सहायता, समाज सेवा, देश सेवा के लिए प्रतिज्ञा दिलवाई।

वरिष्ठ शिक्षक नीरज कुमार ने कहा स्काउट प्रशिक्षण के बाद बच्चों में अनुशासन, शारीरिक और नैतिक क्षमता में विकास हुआ। प्रशिक्षण के बाद बच्चों में नई—नई प्रतिभा और नई उत्साह देखने को मिला।

एकल प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प लेते हुए पायल, छोटी, प्रिंसी, प्रतीक, सविता, खुशी सागर, मधु ,सोनाक्षी ,लाखों को प्लास्टिक टाइड टनर्स का बैज से सम्मानित किया गया।

प्रिंसी ने कहा पढ़ाई के साथ—साथ स्काउट के क्षेत्र में भी राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करना लक्ष्य है.छोटी ने कहा बड़ा अफसर बनकर समाज सेवा करूंगी।शिक्षिका रेनू कुमारी ने कहा प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड संस्था होना चाहिए ताकि बच्चों में नई—नई प्रतिभा का संचार हो सके।

## कालपी की कागज फैक्ट्री में लगी आग: शॉर्ट सर्किट से हादसा, लाखों का सामान जलकर स्वाहा

**लोकतंत्र की आवाज**





**कालपी जालौन।** कालपी नगर में बुधवार सुबह एक कागज फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग—27 पर बुंदेलखंड गार्डन के पास स्थित फैक्ट्री में करीब 10:30 बजे हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फैक्ट्री के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे निकली चिंगारी फैक्ट्री परिसर में गिरी, जिससे अंदर रखे गुदड़, रद्दी कागज और अन्य ज्वलनशील सामग्री ने तुरंत आग पकड़ ली।

कुछ ही मिनटों में आग तेजी से फैल गई। फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों और आसपास के लोगों में अफरा—तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

यह फैक्ट्री इश्तियाक और प्रशांत की बताई जा रही है, जहां बड़ी मात्रा में कागज और संबंधित सामग्री भंडारित थी। आग लगने से फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है। आग लगने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है। आग लगने के सटीक कारणों की जांच भी कराई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक दहशत का माहौल रहा, लेकिन अब स्थिति नियंत्रण में है। ज्यादा की संपत्ति नुकसान होने का अनुमान है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।